Thursday, July 28, 1977
Sravana 6, 1899 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

(Sixth Series)

Vol. V

[*July 16 to 28, 1977/Asadha 25 to Sravana 6, 1899 (Saka)*]

Second Session 1977/1899 (Saka)

(*Vol. V contains Nos. 31—40*)

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

CONTENTS

No. 40, Thursday, July 28, 1977/Sravana 6, 1899 (Saka)

	COLUMNS
Oral Answers to Questions :	
*Starred Questions Nos. 665 to 668	1—26
Short Notice Question No. 26	26—37
Written Answers to Questions:	
Starred Questions Nos. 669 to 672 and 674 to 684	37—48
Unstarred Questions Nos. 5144 to 5178, 5180 to 5213, 5215 to 5240 and 5242 to 5303	48—201
Papers Laid on the Table	201
Re. Calling Attention Notice.	201
Calling Attention to Matter of Urgent Public Importance—	
Strike in Kiriburu Iron Ore Mines	202—205
Shri C. K. Chandrappan	202,204-205
Shri Biju Patnaik	202—204, 205
Matters Under Rule 377—	
(i) Dismissal of the Ministry in Tripura	206
(ii) Reported Conflicting Statements by Ministers about Use and Repeal of MISA	207-208
(iii) Famine Conditions in North Bihar due to failure of rains	209-210
Statement *Re.* Availability of Cement—	
Shri George Fernandes	208-209
Business Advisory Committee—	
Fourth Report	210—212
Lokpal Bill—	
Motion to Introduce	212—215

PARLIAMENT LIBRARY
Acc. No.
Date

*The sign + marked above the name of a Member indicates that the question was actually asked on the floor of the House by that Member.

COLUMNS

Shri Charan Singh . . . . . 212—214

Shri Annasaheb Gotkhinde . . . . . 212—214

Motions *Re.* Unemployment Problem—*Withdrawn*—

Shri Morarji Desai . . . . . 215—24

Shri Jyotirmoy Bosu . . . . . 224—27

Shri C. K. Chandrappan . . . . . 227—30

Motion *Re.* Twentieth, Twenty-first and Twenty-second Reports of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. . . . . 230—98

Prof. Madhu Dandavate . . . . . 230—31

Shri Hitendra Desai . . . . . 232—44

Shri Suraj Bhan . . . . . 250—63

Shri Kanwar Lal Gupta . . . . . 263—72

Shri A. Murugesan . . . . . 273—77

Shri Keshavrao Dhondge . . . . . 277—85

Shri Yuvraj . . . . . 285—92

Shri Mangal Deo . . . . . 292—98

Half-an-Hour Discussion—

Working of Vijaya Bank. . . . . 298—310

Shri K. Lakkappa . . . . . 299—304

Shri K. P. Unnikrishnan . . . . . 304—305

Shri Kondaji Basappa . . . . . 305—306

Shri A. R. Badri Narayan . . . . . 306—307

Shri A. K. Kotrashetti 307

Shri H. M. Patel . . . . . 307—10

Message from Rajya Sabha . . . . . 310—12

Finance (No. 2) Bill, 1977—As returned by Rajya Sabha . . 312

LOK SABHA

Thursday July 28, 1977/Sravana 6, 1899 (Saka)

Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Propagation of Family Planning

*665. DR. BAPU KALDATY: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government have engaged Family Welfare Social Workers for propagation of family planning;

(b) if so, their number all over the country; and

(c) what remuneration is offered to them?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) जी, हां।

(ख) 30 जून, 1976 को काम कर कर रहे विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों की संख्या के बारे में राज्यों और संघशासित क्षेत्र-प्रशासनों से जो सूचना मिली है, उसके अनुसार ग्रामीण परिवार कल्याण केन्द्रों में 4,416 विस्तार शिक्षक और 12,868 परिवार कल्याण स्वास्थ्य सहायक थे। राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे नगरीय परिवार कल्याण केन्द्रों में 497 विस्तार-शिक्षक और 860 परिवार कल्याण क्षेत्रीय कार्यकर्ता थे। प्रसवोत्तर

केन्द्रों में 189 स्वास्थ्य शिक्षक/विस्तार शिक्षक / सामाजिक कार्यकर्ता और 192 परिवार कल्याण कार्यकर्ता थे और जिला परिवार कल्याण ब्यूरो में 503 जिला विस्तार शिक्षक थे।

(ग) परिवार कल्याण कार्यक्रम एक केन्द्रीय प्रायोजित प्लान योजना है और राज्य सरकारों द्वारा अनुमोदित पैटर्न के अनुसार जितना व्यय किया जाता है, वह सारा भारत सरकार द्वारा प्रतिपूरित कर दिया जाता है। किन्तु, परिवार कल्याण कार्यक्रम के कार्यन्वयन के लिए नियुक्त कर्मचारी सम्बंधित राज्य सरकारों / संघ-शासित क्षेत्रों के प्रशासनों के अधीन सेवा करते हैं और उन पर राज्य सरकार की ही सेवा शर्तें लागू होती हैं। वे कर्मचारी उन्हीं वेतनमानों और भत्तों के पात्र हैं जो राज्य सरकार के अधीन उसी वर्ग के कर्मचारियों को देय होते हैं। प्रत्येक राज्य के कर्मचारियों का वेतन भिन्न भिन्न होता है और उसके ब्योरे इस मंत्रालय में उपलब्ध नहीं हैं। इस सूचना को एकत्र करने में भी काफी समय लग जाएगा।

डा० बापू कालदाते : अध्यक्ष महोदय, आज भारत सरकार की नीति परिवार नियोजन में सख्ती करने की नहीं है। इसका मतलब यह है कि कम्पलसरी स्टैरिलाइजेशन की नहीं है, जिसका मतलब यह होता है कि हम लोगों को शिक्षा के ऊपर और इन्सेन्टिव्ज के ऊपर ज्यादा से ज्यादा बल देने की जरूरत होती है। और परिवार नियोजन भी अति आवश्यक है इस बात को हम लोग मानते

हैं। अगर यह दोनों बातें ख्याल में रखी जायें तो फिर सवाल यह होता है। कि आज भी आंकड़े मंत्री महोदय ने दिये हैं, उससे लगता है कि करीबन साढ़े 19 हजार लोग इस काम में लगे हुए हैं। अतः सरकार की इस नई नीति को शिक्षा और प्रेरणा की नई नीति को, ध्यान में रखते हुए इस पर कोई एक अलग ढंग से विचार किया जाय और इनमें जो भी सोशल वर्कर हैं उनको सेन्टर की तरफ से गाइडलाइन्स या कोई एक अलग संगठन या इसकी अलग दिशा दी जाय इस बारे में सरकार ने क्या कुछ सोचा है?

श्री राज नारायण : श्रीमन्, मैं एक प्रार्थना आप से पहले ही कर दूं कि हमारे सम्मानित सदस्य ने बहुत ही सुन्दर प्रश्न किया है। मगर अब इस का जवाब लम्बा होगा तो सम्मानित सदस्य उस पर एतराज नहीं करेंगे क्योंकि इन्होंने नई योजना के बारे में जानकारी प्राप्त करने की बात की है। तो नई योजना अब कैसे चलेगी इसको मैं थोड़े में बताये देता हूं। यह सही है कि वर्तमान सरकार जनता पार्टी की सरकार ने प्रत्येक स्तर पर इस बात को जोर के साथ कह दिया है कि किसी भी तरह की कम्पलसरी, जबरदस्ती जोर के साथ स्टरिलाइजेशन की योजना नहीं चलेगी।

जोर जबरदस्ती नहीं होगी। स्वेच्छा से अगर कोई चाहे तो भी, हमने उसमें कहा हैं कि उसको बाकायदा लिख कर देना पड़ेगा कि हम स्वेच्छा से अपनी नसबन्दी कराना चाहते हैं। उसके दस्तखतों को बाकायदा वैरीफाई करना पड़ेगा कि कहीं नकली तो नहीं है। हर स्तर पर हमारी सरकार यह प्रीकौशन लेगी कि कहीं भी किसी प्रकार से जोरजबरदस्ती न हो। जैसा कि हमारे माननीय सदस्य ने कहा है, हम सजग हैं। जब जबर्दस्ती हम नहीं करेंगे और परिवार सीमित करना है तो, हम पहले भी इस सदन में बता चुके हैं कि हमको बड़ा प्रचार करना पड़ेगा। उसमें सरकार की सारी मशीनरी, चाहे शिक्षा विभाग की हो, कृषि विभाग, पी० डब्ल्यू० डी० या अन्य किसी विभाग की हो. सभी के कर्मचारियों से हम यह उम्मीद करेंगे कि वह इस कार्य में लगें। 2 अक्तूबर गांधी जी के जन्म-दिवस से हमारी यह नई योजना शुरू होगी। पहले से जो 28 जिले हैं, उसमें हर ब्लाक पर यह योजना होगी, बाकी हर जिले में एक ब्लाक हम लेंगे इस साल। देश में 5,372 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं और इनके अन्तगत 37,775 उपकेन्द्र हैं। प्रार्थमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से ही अधिकांश परिवार कल्याण केन्द्र जुड़ रहे हैं, जिनके बारे मे पहले ही मैं कह चुका हूं। हर प्राइमरी हैल्थ सेंटर में 2 या 3 डाक्टर और इनके नीचे 40,42 अन्य पैरामैडिकल कर्मचारी हैं। इनके कुछ नाम निम्न हैं। मलेरिया वर्कर्स, चेचक वैक्सीनेटर, स्वास्थ्य सहायक, आर्डिनरी नर्सेज, मिडवाइफ इत्यादि इत्यादि। एक योजना दो साल से चल रही है, उसके अनुसार इन कर्मचारियों के बहुद्देशीय .. (अन्तर्बाधाएं) .. मैंने पहले ही कह दिया कि हमारे सम्मानित सदस्य जानकारी चाहते हैं, इसीलिए उन्होंने प्रश्न किया है। (अन्तर्बाधाएं)

एक माननीय सदस्य : सभापटल पर रख दीजिए।

श्री राज नारायण : अगर हमारे सम्मानित सदस्य चाहें कि मैं पटल पर रख दूं, तो मुझे तो उसमें आसानी है। परन्तु जैसे कांग्रेस की सरकार ने 30 साल तक उत्तरों में लोगों को गुमराह रखा, देश की जनता को अन्धकार में रखा, मैं वैसा नहीं चाहता। मैं चाहता हू कि पूरा उत्तर दूं। (अन्तर्बाधाएं) ध्यान से सुनिये, मैं निवेदन कर रहा हूं कि घबड़ाइये नहीं, धीरज रखिये।

एक योजना जो दो साल से चल रही है, उसके अनुसार इन कर्मचारियों को बहुद्देशीय बनाने के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। यह ट्रेनिंग 28 जिलों में दी जा चुकी है और 64 अन्य जिलों में चलाई जा रही है। हमें यह नई योजना गांधी जन्म-दिवस से प्रारम्भ करनी है।

MR. SPEAKER: You have given the full detail.

श्री राज नारायण : 777 प्राइमरी हैल्थ सेंटर, जिसमें 31,000 जनस्वास्थ्य रक्षक होंगे। इसमें पीपल्स इन्वाल्वमैंट होगा। उनका चुनाव जनता करेगी। जन-स्वास्थ्य रक्षक की कल्पना इसके पूर्व सरकार के दिमाग में नहीं थी, यह नई योजना जनता पार्टी की सरकार ने शुरू की है।

MR. SPEAKER: You have given the full answer now.

SHRI R. V. SWAMINATHAN: May I submit to you that whenever his question is there, a separate question hour may be allotted to him; it should not be clubbed with the other questions. He takes one or two hours; a separate hour may be allotted.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: You are always telling us to be brief. You have to pull him up if he does like this.

MR. SPEAKER: I have told him also to be brief.

डा० बापू कालदाते : मैं यह जानना चाहता हू कि पिछली सरकार ने इस योजना पर 30 जून, 1976 तक कितना खर्च किया ?

श्री राज नारायण : माननीय सदस्य ने पहले प्रश्न में यह पूछा था कि जो नई योजना चल रही है, उस में सरकार क्या करने जा रही है। अगर मैं प्रश्न का उत्तर न दूं, तो मैं पापी हूं। मैं इस सदन में पापी नहीं बनना चाहता हूं। हमारे श्रुति शास्त्र में कहा गया है कि पहले तो विधान-निर्मात्री परिषद् में जाओ नहीं, और यदि जाओ, तो बराबर सत्य का पक्ष ग्रहण करो, वर्ना तुम्हें इस संसद् में बैठने का हक़ नहीं है। इस लिए मैं सत्यवादी हूं और जो जानकारी मेरे पास है, उसे देने के लिए तैयार रहता हूं। (**व्यवधान**) मैं माननीय सदस्य को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने सवाल को समझा। इसी लिए उन्होंने उत्सुकता जाहिर की कि "बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुधि ले", आगे जनता पार्टी की सरकार क्या करने जा रही है। इस लिए मैंने यह जानकारी दी।

MR. SPEAKER: Please answer the second question. How much money are you spending?

श्री राज नारायण : पूरे खर्चे का टोटल करने के लिए नोटिस की जरूरत है।

SHRI A. BALA PAJANOR: Sir, on a point of submission.

MR. SPEAKER: This is question Hour and no point of order is allowed according to rules. If once you establish a precedent then this will be referred to and other points will be raised.

SHRI A. BALA PAJANOR: The hon. Minister gives a lecture. In the Janata Government, ministers should set an example so that others could follow ....*(Interruptions)*

MR. SPEAKER: He has given the full answer. No more supplementaries. Next question—No. 666.

AN HON. MEMBER: On a point of order.

MR. SPEAKER: I am now on my legs. No point of order is allowed under the rules during question hour. The full answer has been given to this question and so, I am not allowing any further question.

श्री राज नारायण : श्रीमन्, अब मुझे क्या करना है यह बताया जाय । मैं कोई पार्लियामेंट का नया सदस्य नहीं हूं । आप कृपा करके हमें गाइड करें कि अब मुझे क्या करना हैं ? या तो आप एक व्यवस्था इस सदन में कर दीजिए कि मंत्री लोग पूरी तैयारी के साथ न आएं और सदस्यों को गुमराह कर के चले जाया करें ।

मैं एक जानकारी आप के द्वारा दे देना चाहता हूं पहले सवाल के बारे में जो उन्होंने पूछा था—

MR. SPEAKER : I have called Q. No. 666.

Stocks of mis-labelled and mis-branded injections

*666. SHRI VAYALAR RAVI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the Food and Drug Administration, Bombay had seized large stocks of mis-labelled and mis-branded injections manufactured and distributed by a Nagpur firm;

(b) if so, the names of medicines and injections seized; and

(c) whether Government have got any plan for surprise checks of firms manufacturing medicines to prevent adulteration?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) जी हां ।

(ख) मैसर्स सोसाइटी जनरल और मेडिकल स्टोर, बाइकुल्ला, बम्बई को मेसर्स विम्सन्स इंस्टीट्यूट मेडिका, नागपुर द्वारा बनाए गए एमिनो फ्लाइन इंजेक्शन आई० पी० (बैच नं० 144) के 50 एम्पूलों का बक्सा मिला जिस बक्से पर निम्नलिखित लेबल लगा था "एमिनोफिलीन इंजेक्शन आई० पी० बैच नं० 144, प्रत्येक 10 मिली लि० वाले 50 एम्पूल" । जब बक्सा खोला गया तो उन्होंने देखा कि उसके अन्दर जो एम्पूल थे उन पर निम्नलिखित लेबल लगे हुए थे "कैल्सियम ग्लूकोनेट इंजेक्शन आई० पी० प्रति 10 प्रतिशत 10 मि० लि०, बैच नं० 146" । बाद में किए गए विश्लेषण से पता चला कि इन एम्पूलों में एमिनोफिलिन था, यानी उस में थोड़े में लिखा था कैल्सियम ग्यूकोनेट मगर जब खोल कर देखा गया तो उसमें था "एमिनोफिलिन" ।

(ग) खाद्य और औषधि प्रशासन, महाराष्ट्र के अधिकारियों ने इन दवाइयों को आगे बांटने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है और नागपुर फर्म की निर्माणशाला के भी कई निरीक्षण किए हैं । औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के उपबन्धों और उसके अधीन बने नियमों के अन्तर्गत औषधि निरीक्षकों की दवाइयां बनाने वाली फर्मों के अचानक निरीक्षण करने होते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि औषधियां ठीक स्थिति में बनाई जाएं और उन्हें बनाने की प्रक्रिया में आवश्यक नियंत्रण बरते जाएं और कच्चे माल और तैयार माल का परीक्षण किया जाए ।

SHRI VAYALAR RAVI: I hope you will agree with me that it is a very serious matter. Unfortunately I could follow only half of the reply. But I do not want to insist on the language question now. I would like to quote only one sentence from a press report.

> "FDA sources said that the mis-branded injection if administered, would have caused instantaneous death of the patients."

This is very serious. The medicines have been mislabelled and sent to the different parts of the country. We are more concerned about the steps the Government will be taking. This is not the first occasion that this House has had to see this kind of thing. Even in the last Parliament, a matter concerning a Kanpur firm was raised. The Government said "we will make enquiries." But they escaped..

MR. SPEAKER: The longer the question the longer will be the answer. (*Interruptions*)

SHRI VAYALAR RAVI: I am putting the question. Every one of us is concerned with this. Mr. Sanjeevi Rao, a Member of Parliament took his wife to a hospital and she died on the spot after injection within five minutes. It is a very serious matter. The reply of the minister to part (c) is evasive and not concrete. I want to know whether the government will amend the Drugs Act to the extent that the inspectors and other officers can carry out surprise checks and inspections of big firms including muti-nationals, seize the medicines and take penal action against the concerned people, including the manufacturers, Chairman and Managing Director of the company?

श्री राज नारायण : श्रीमन्, अब मैं आपसे पहले विनम्र निवेदन कर दूं कि इस प्रश्न के पूछने में कितना समय लगा ? हम तो नहीं बोलते कुछ लेकिन मैं चाहता हूं कि सम्मानित सदस्य अधिक से अधिक जानकारी हम से लें। हम मंत्री हैं, सरकार का पैसा खर्च होता है, हम सरकार के नौकर हैं इसलिए हमारा कर्त्तव्य है कि हम जानकारी दें। (*व्यवधान*) एमिनोफिलीन किस काम में आती है ? सांस की नली जो सिकुड़ जाती है उसको चौड़ी करने के काम में आती है ताकि सांस लेने में कोई दिक्कत या परेशानी न हो। यह तो काम हैं एमिनोफिलीन का। कैलशियम ग्लूकोनेट कैलशियम की कमी दूर करने के काम में आती हैं।

SHRI R. V. SWAMINATHAN: That was not his question. He asked whether you are going to take action against these people and whether you are going to amend the Act.

श्री राज नारायण : सवाल यह था कि दवाई के परिवर्तन से मृत्यु हुई इसलिए यह बताना मेरा कर्त्तव्य है कि दवाई के क्या गुण है। क्या इन दोनों दवाइयों के ऐसे गुण हैं कि उनमें मृत्यु हो सकती है ? इसलिए मैं बताता हूं कि एमिनोफिलीन के क्या गुण हैं और कैलशियम ग्लूकोनेट के क्या गुण हैं। इसमें मृत्यु का प्रश्न नहीं आता।

हां, हमारे मित्र ने एक बात कानपुर के ग्लूकोज़ के बारे में कही और मैं उनसे पूर्णतया सहमत हूं। इसके लिए मैं उनकी तारीफ करता हूं। कानपुर में जिस बुरे ढंग से ग्लूकोज़ की सुई लगाई गई और बड़े पैमाने पर मृत्यु हुई उसकी अच्छी जांच-पड़ताल, मुझे पता नहीं, क्यों नहीं की गई। मेरी अपनी जानकारी यह है कि उसके जो कर्ता-धर्ता बानी-मुबानी थे वे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र स्वरूप जी थे। वे कांग्रेस पार्टी के एक बड़े मशहूर नेता थे। उनके बीच में आ जाने से उसकी जांच-पड़ताल दबा दी गई और कोई समुचित कार्यवाही नहीं की गई।

माननीय सदस्य ने यह भी पूछा कि ऐक्ट को अमेण्ड करने के लिए मैं क्या करने जा रहा हूं तो ऐक्ट को अमेण्ड करने के लिए मस्विदा तैयार कर लिया है। अभी तो मौजूदा कानून में जहां कहीं इस तरह की बंगलिंग देखी जाए उसमें एक से लेकर दस साल की सज़ा की गुंजायश है मगर हम एक अमेंडमेंट प्रसारित करने जा रहे हैं कि अगर दवा की गड़बड़ी से इन्सान की मृत्यु हो तो जान के बदले जान--यह बात होनी चाहिए। आप तो श्रीमन्, जज रह चुके हैं, आप जानते हैं 302 दफ़ा उसी पर चलती है जिसके ऊपर साबित हो चुका हो कि उसने दूसरे की जान ली है। अगर दवा की खराबी से किसी की जान जाती है तो जिसने दवा की गड़बड़ी पैदा की उसकी भी जान जानी चाहिए। तो इस तरह का अमेंण्डमेंट हम प्रपोज़ कर रहे हैं कि दवा की खराबी से किसी की मृत्यु हो तो उसके दोषी व्यक्ति को कैपिटल पनिशमेंट देना चाहिए।

SHRI VAYALAR RAVI: I can assure the hon. Minister who is sitting on that side because he made a reference to the Congress. You punish anybody who is corrupt. We support you. My question is that the Drug Act provided Inspectors to inspect the firms and may I know from the hon. Minister whether he is aware of this. These inspectors who are expected to inspect and make surprise checks are lacking in their duty and because they are subjected to some kind of corrupt practice, will you amend the Act in Such a way that even the Managing Director of a firm will be punished and also the inspectors who are not discharging their duties properly will be punished?

श्री राज नारायण : मैं सम्मानित सदस्य के इस सुझाव से अर्ध-सहमत हूं। यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग के जो इंस्पैक्टर फर्मों में जा कर जांच करते हैं—दवाइयां बनाने की, उन का कर्त्तव्य है कि वे यह भी देखें कि वहां जो उपकरण हैं, मशीनें हैं, दवाइयों के प्रयोग में आने वाली वस्तुएं हैं, वे समुचित रूप से ठीक है या नहीं। अगर वे इस को नहीं देखते हैं, अपने कर्तव्य का पालन नहीं करते हैं, तो वे सजा के भागी हैं। उन के ऊपर उचित और सख्त-से-सख्त कार्यवाही की जायगी। इस बारे में कोई भी सन्देह सम्मानित सदस्य के दिमाग में नहीं उठना चाहिए।

SHRI K. MALLANNA: I want to speak in my own language.

MR. SPEAKER : We will appoint translators for various languages.

SHRI VAYALAR RAVI: We are grateful for your announcement to appoint translators for as many languages as possible.

(Interruptions)

SHRI A. BALA PAJANOR: I want to congratulate you for arranging to appoint translators. Even after 30 years of Independence we are not able to solve this problem. For the past half-an-hour, I am trying to understand what is going on here.....

SHRI YESHWANTRAO CHAVAN: May I suggest a compromise solution? As a symbolic gesture, the Speaker may possibly interpret this question.

SHRI A. BALA PAJANOR: Sir, for the past half-an-hour I am trying to understand what is going on here and for the Question Hour we are spending lakhs and lakhs of rupees.

(Interruptions)

श्रीमती अहिल्या पो० रांगनेकर : अध्यक्ष महोदय, यहां मराठी का इन्तजाम भी नहीं है, इस लिए मराठी में भी इन्तजाम होना चाहिए। श्री यशवंतराव चव्हाण यहां इतने साल रहे, फिर भी मराठी का इन्तजाम नहीं है।

श्री उग्रसेन : अध्यक्ष महोदय, अपनी भाषा में बोलने की हर एक को इजाजत होनी चाहिए, इन को अपनी भाषा में प्रश्न पूछने दीजिए।

MR. SPEAKER: Let me explain the position. We are trying to appoint as many translators as possible; but the difficulty is that we don't get good translators. We have written to the government departments; we have written to the State governments to recommend suitable names for translators.

AN HON. MEMBER: The State government has nothing to do with all these things. *(Interruptions)**

MR. SPEAKER: Don't record anything, excepting what I say. *(Interruptions)** Please sit down. Why don't you hear me? *(Interruptions)* I have explained to you. We have written to every State government. We are also trying to get people from other sources. We are trying to test them. We are trying to get as many good translators in all the regional languages as possible. But one thing I will not do. I will neither request the Leader of the Opposition to translate, nor will the Speaker translate.

SHRI N. SREEKANTAN NAIR: For Heaven's sake, please save us from this English translator. We don't hear and he does not know English. Please appoint somebody who knows it.

SHRI A. BALA PAJANOR: The translator is all right. I don't agree with Mr. Nair. The translator is not bad.

*Not recorded.

श्री उग्रसेन : माननीय अध्यक्ष महोदय, आप मेरी बात सुन लीजिए। मैं आप के बारे में ही कह रहा हूं। आप ने अभी कहा है कि जो कुछ पहले हो गया है, वह रिकार्ड नहीं होगा, मैं जानना चाहता हूं कि आप ने जो कहा है उसके बाद का रिकार्ड नहीं होगा या पहले का भी काट दिया जाएगा ?

अध्यक्ष महोदय : अच्छी बात है।

SHRI K. MALLANNA: Is it a fact that the manufacturers are allowed to manufacture adulterated drugs, and that government allowed these manufacturers to sell at a lower prices? What is the reaction of the government when prices are lower or when they decrease? What steps have been taken?

श्री राज नारायण : जहां तक भारत सरकार की जानकारी है, न तो उन के बनाने में एडल्टरेशन करने की अनुमति दी जाती है और न कम कीमत पर बेचने की इजाजत दी जाती है।

SHRI VAYALAR RAVI: But they are doing it.

SHRI RAJ NARAIN: We are going to take action against them.

श्री हुकम चन्द कछवाय : अध्यक्ष महोदय, आप के माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या यह बात सही है कि पिछली बार मध्य प्रदेश के इन्दौर शहर में बहुत बड़े पैमाने पर नकली दवाइयां बनाने वाले कारखाने पर छापा डाल कर, दवाइयां पकड़ी गई थीं और उसकी सी० बी० आई द्वारा जांच की गई थी। अब तक उस के क्या रिजल्ट्स सामने आए हैं। मंत्री महोदय बहुत होशियार हैं और साफ बात कहना चाहते हैं, इसलिए मैं इस का जवाब 25 मिनट में चाहता हूं।

श्री राज नारायण : श्रीमन् माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया है, वह इस प्रश्न से पैदा नहीं होता।

श्री जनेश्वर मिश्र : मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जो नागपुर की फर्म है या कानपुर की फर्म है या इसी तरह की जितनी दवाई निर्माता कम्पनियां हैं, क्या उन को छः महीने पहले लाइसेन्स दिया गया था और पिछली सरकार ने लाइसेन्स दिया था ? अगर दिया था तो उस समय के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के विरुद्ध आप की सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

श्री राज नारायण : यह सही है कि यह लाईसेंस पहले की सरकार के द्वारा दिये गये थे। मैं सम्मानित सदस्य श्री जनेश्वर मिश्र जी की जानकारी के लिए बता देना चाहता हूं कि कल 29 जुलाई से सारे देश—चाहे संघ शासित क्षेत्र हों, चाहे राज्य हों—के स्वास्थ्य सचिवों और स्वास्थ्य मंत्रियों का सम्मेलन हो रहा है। कल 11 बजे से स्वास्थ्य सचिवों का सम्मेलन होगा जिसमें विचार किया जाएगा कि ऐसी कम्पनियों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई और आगे क्या कार्यवाही हो सकती है। इसमें ऐसे उपायों पर भी विचार किया जाएगा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। स्वास्थ्य चूंकि राज्य सरकारों का विषय है, इसलिए हम उनसे निवेदन करते रहते हैं और जब जब अवसर आता है हम राज्यों के मंत्रियों का सम्मेलन और सचिवों का सम्मेलन बुलाया करते हैं। पिछले चार महीनों में इस तरह की दो बैठकें हो चुकी हैं। इस बैठक में हमने डा० कर्णसिंह जी को और डा० सुशीला नायर को भी आमन्त्रित किया है। लेकिन डा० कर्ण सिंह जी ने हमें सूचित किया है कि वे कहीं बाहर जा रहे हैं इसलिए

वे इसमें भाग नहीं ले सकेंगे। इस तरह हम उनके गुणकारी और लाभकारी सुझावों से वंचित रह जाएंगे।

डा० बलदेव प्रकाश : क्या माननीय मंत्री जी के ध्यान में है कि यह जो एडल्ट्रेशन हो रही है वह एडल्ट्रेशन बिना इंस्पैक्टर्स की कनाइवेंस के नहीं हो सकती है। यह जो आप नया एक्ट बना रहे हैं जिसमें एडल्टरेटर्स के लिए आजीवन कारावास का प्रोविजन होगा, क्या आप उसमें एडल्टरेटर्स के साथ सुपरवाईजर्स और इंस्पैक्टर्स को भी शामिल करेंगे जिनकी लापरवाही के कारण ऐसी ड्रग्स बनायी जा रही हैं? उनकी लापरवाही के बगैर तो यह हो ही नहीं सकता है।

श्री राज नारायण : सम्मानित सदस्य ने जो प्रश्न किया है वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। अभी हम नये विधेयक पर विचार कर रहे हैं, उसका मसविदा अभी विचाराधीन है। अभी तो पुराना एक्ट ही लागू है। हमारा प्रस्ताव है कि ऐसे लोगों को कैपिटल पनिशमेंट मिले। बिल द्वारा इस सदन के सामने आयेगा उस समय डा० बलदेव प्रकाश अपना संशोधन रख सकते हैं। अगर उस संशोधन को सदन मान लेगा कि उसमें सुपरवाइजर और इंस्पैक्टर्स को भी शामिल कर लिया जाए तो सदन की राय सर्वोपरि होगी और हमें उसके मानने में कोई ऐतराज नहीं होगा। मगर मात्रा भेद और गुणभेद, अर्थात् क्वान्टिटेटिव चेज और क्वालिटिटेटिव चेंज में बराबर हम को विवेक के साथ विचार करके कानून की व्यवस्था करनी होगी।

श्री यज्ञदत्त शर्मा : मैं यह जानना चाहूंगा कि क्या मंत्री महोदय की जानकारी में है कि आयुर्वेद की अनेक शास्त्रीय औषधियों को अनेक प्रकार के नये नाम देकर के उनका निर्माण किया जा रहा है। इस प्रकार से खरीदारों का शोषण होता है और दवाओं का विकेंद्रीकरण किया जाता है? क्या सरकार इसके बारे में कोई ध्यान देगी?

श्री राज नारायण : पंडित यज्ञदत्त शर्मा जी हमारे परम मित्र हैं। पंडित जी के सवाल का जवाब मैं क्यों न दूं यद्यपि इस प्रश्न से उसका सीधा सम्बन्ध नहीं है। (**व्यवधान**) अब अगर खींच कर इसका सम्बन्ध जुड़ जाता है तो बात अलग है। हमने पहले ही सम्मानित सदस्यों को अवगत करा दिया है कि आयुर्वेदिक और यूनानी दवाएं बनाने के लिए हम रानीखत में एक कारखाना खोल रहे हैं और वहां हिमालय की पहाड़ियों पर जितनी जड़ी बूटियां हैं उनकी खोज करके, उनको सुधार करके समुचित रूप से अच्छी दवाओं का निर्माण किया जाएगा। जितने बड़े पैमाने पर फैक्ट्री में दवाओं का निर्माण होगा उतना ही ज्यादा उनका गुणकारी, लाभकारी प्रभाव होगा। जहां तक मिलावट का प्रश्न है उसको रोकने के लिए हम लगातार प्रयत्नशील है।

India Population Project

*667. SHRI P. RAJAGOPAL NAIDU: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government launched India Population Project;

(b) if so, with whose assistance?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) जी, हां।

(ख) विश्व बैंक के जरिए अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ और स्वीडिश अन्तर्राष्ट्रीय विकास प्राधिकरण की सहायता से।

SHRI P. RAJAGOPAL NAIDU: May I know the details of the project?

श्री राज नारायण : मैं फिर आपकी शरण में आ रहा हूं। आज तक किसी मंत्री महोदय के उत्तर से दस साल तक संसद् में विरोधी पक्ष घबराता नहीं रहा लेकिन हमारे उत्तर से विरोधी पक्ष इसलिए घबराता है कि वह सोचता है कि तीस साल तक सारे

कारनामे जो स्वास्थ्य विभाग के रहे हैं कहीं उनका उद्घाटन न हो जाए। इसलिए वह घबराता है। जितना सवाल पूछा गया है उसका उत्तर आप सुनें।

माननीय सदस्य ने पूछा है कि जो विश्व बैंक के जरिये या स्वीडिश अन्तर्राष्ट्रीय विकास प्राधिकरण के जरिये रुपया मिलता है उसको कैसे कैसे कहां कहां ब्योरे से खर्च किया जाता है।

डा० कर्ण सिंह : संक्षिप्त बता दें।

श्री राज नारायण : संक्षिप्त नहीं होता है।

डा० कर्ण सिंह : समद में संक्षिप्त करना पड़ता है।

श्री राज नारायण : जो छिपाना चाहता है, जो देश की जनता को गुमराह करना चाहता है वह संक्षिप्त करता है जो सदस्यों को सच्ची बात बताना नहीं चाहता है वह ऐसा करता है।

भारत जनसंख्या परियोजना एक प्रायोगिक परिवार नियोजन परियोजना है जो विश्व बैंक के माध्यम से स्वीडन सरकार और अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के सहयोग से उत्तर प्रदेश के छः जिलों अर्थात् लखनऊ, सुलतानपुर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, प्रतापगढ़ और रायबरेली तथा कर्नाटक के पांच जिलों अर्थात् बंगलौर, शिमोगा, चित्रदुर्गा, कोलार और तुमकुर में चलाई गई है। एक करार के अधीन पहली अप्रैल 1973 से पांच वर्ष की अवधि के लिए परियोजना के चलाने हेतु स्वीडिश अन्तर्राष्ट्रीय विकास प्राधिकरण के जरिये स्वीडन सरकार ने 106 लाख डालर का अनुदान दिया है तथा अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ ने 212 लाख डालर का ऋण दिया है। भारत सरकार को सामान्य पटर्न के अनुसार परियोजना जिलों में परिवार कल्याण कार्यक्रम को नियमित रूप से चलाने के लिए सहायता जारी रखनी होगी तथा अतिरिक्त धन को विशिष्ट साज सामान हेतु उपयोग में लाया जाएगा। मैं विस्तार में नहीं जा रहा हूं। मैं माननीय कर्ण सिंह के सुझाव को मान कर चल रहा हूं। परियोजना के मुख्य घटक निम्नलिखित है;

विभिन्न स्तरों पर परिवार कल्याण और प्रसूति एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का एकीकरण करते हुए नगरीय और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में प्रसूति पर आधारित परिवार कल्याण कार्यक्रम।

उत्तर प्रदेश के चार जिलों लखनऊ शहरी और ग्रामीण क्षेत्र, सुलतानपुर, मुजफ्फरनगर और प्रतापगढ़ तथा कर्नाटक के तीन जिलों—बंगलौर शहर और गांव दोनों, शिमोगा और तुमकुर में भारत सरकार का एक समुचित पैटर्न कार्यक्रम (**व्यवधान**) सुन लीजिये, क्यों घबरा रहे हैं। प्रत्येक राज्य के दो जिलों–उत्तर प्रदेश में रायबरेली और सहरानपुर तथा कर्नाटक में चित्रदुर्ग और कौलार में गहन ग्रामीण कार्यक्रम, एवं लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और बंगलौर (कर्नाटक) में नगरीय कार्यक्रम। आगे और अधिक सुविधाओं की व्यवस्था, प्रेरणा, प्रशिक्षण, सेवाओं और अतिरिक्त फील्ड कर्मचारियों के रूप में की जानी है।

शुरू में एक विशेष पोषाहार कार्यक्रम रायबरेली के ग्रामीण गहन जिले के एक ब्लाक में तथा बाद में, भारत और अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ। स्वीडिश अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ के द्वारा संयुक्त समीक्षा के पश्चात् तीसरे वर्ष में इसका विस्तार किया जाना है। इस कार्यक्रम के द्वारा यह निश्चय किया जाना है कि पूरक पोषाहार का परिवार कल्याण सेवाओं को स्वीकार करने में प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्यक्ष रूप से क्या प्रभाव पड़ा...

श्रीमन्, सम्मानित सदस्य जान लें यह रुपया बाहर से लिया जाता है। तो उस रुपये का सदुपयोग होता है या दुरुपयोग होता है इसको सदन और सदन से बाहर दुनिया के लोगों को बताना आपका कर्त्तव्य है। अभी विश्व बैंक के लोग आये थे 1966 में जांच करने। यानी जो पौष्टिक आहार बच्चों को दिया जाता था रायबरेली में वह पूर्व सरकार ने बाद में देना बन्द कर दिया। उसमें दिया जाता था गेंहू का आटा, चने का आटा, मूंगफली, गुड़। यह सब मिलाकर के बच्चों को खाने के लिये दिया जाता था। मगर बच्चों के नाम पर बच्चे खा गये।

इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि विश्व बैंक मिशन अक्तूबर 1976 में परियोजना के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के लिये भारत आया था और उसने भारत सरकार तथा कर्नाटक और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों के अधिकारियों से विचार-विमर्श किया था। मिशन ने परियोजना क्षेत्रों में समय रूप से प्राप्त की गई उपलब्धियों के प्रति अपनी संतोष व्यक्त की है।

MR. SPEAKER: I would request both the Questioners and the Minister to be precise and to the point. Otherwise we are taking a lot of time of the House. I am not referring to any particular Member. I am sure, both the Leader of the House and the Leader of the Opposition will help me in this regard.

श्री हरिकेश बहादुर : मान्यवर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि बढ़ती हुई आज़ादी को नियंत्रित करने के लिये सरकार अब कौन सी पद्धति अपना रही है और क्या मंत्री जी इस बात का आश्वासन देंगे कि पुरानी सरकार द्वारा किये गये कुकृत्यों को यह सरकार नहीं दोहरायेगी?

श्री राज नारायण : जी, जिस समय से जनता की सरकार आयी है और स्वास्थ्य मंत्रालय का भार मुझको दिया गया हैं तभी से प्रधान मंत्री ने, जनता की सरकार ने, स्वास्थ्य मंत्री ने, जनता पार्टी ने बहुत ही मज़बूती से कह दिया है कि ज़बरदस्ती, जोर जुल्म के साथ नसबन्दी नहीं चलायी जायेगी। अब हमारे मित्र यह जानना चाहते हैं कि अगर हम ज़बरदस्ती नहीं करेंगे तो परिवार सीमित कैसे होगा? इस का उत्तर देना हमारा कर्त्तव्य है। तो मैं चाहता हूं कि जरा आप भी सुन लें क्योंकि यह सारे देश और विश्व का सवाल है और दुनिया के हर मुल्क के राजदूत आते हैं हमसे मिलते तो यही प्रश्न पूछते हैं कि :

How are you going to control the growth of population ?

यह उनके शब्दों को दोहराया है। मैंने पहले ही कह दिया है कि जब टेंशन होता है तो मैं कभी-कभी अंग्रेज़ी बोल देता हूं। यह हमारी गलती है, क्षमा करें--इस का उत्तर मैं देता हूं कि :

"देखिये ब्रह्मचर्य की मैं शिक्षा दूंगा, स्वास्थ्य मंत्रालय शिक्षा देगा ब्रह्मचर्य की, इन्द्रिय निग्रह की, आत्म नियंत्रण की और योग की। जो प्राचीन पद्धति रही है बच्चे पैदा करने के लिये, पति और पत्नी में, जो मासिक धर्म होता है, उसके कितने दिन के बाद सम्भोग हो, जिससे गर्भ रहे और गर्भ न रहे। यह प्राचीन पद्धतियां हैं। (**अन्तर्बाधाएं**) इसी के साथ-साथ अनेक दवाएं हैं और हमारे जो आयुर्वेदाचार्य हैं, उनसे हमने निवेदन किया है कि वह कुछ ऐसी दवाएं निकालें, जिससे बिना शरीर और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़े हुए, गर्भ का निरोध हो सके।"

मैं कहना चाहता हूं कि 10,10 लाख की सभाएं हुई हैं और उनमें हमने इस बात को दोहराया है कि हमारे आदर्श राम और कृष्ण हैं, युधिष्ठिर और हजरत मोहम्मद साहब पैगम्बर हैं। राम के दो बच्चे लव और कुश क्यों? भरत को दो बच्चे (**व्यवधान**)

और मोहम्मद साहब के केवल एक बेटी और उसके केवल दो बेटे । इसलिए प्राचीन ऋषियों-मुनियों की बातों को लोगों को समझायें और बतायें कि कम-से-कम संतान रहने से परिवार सुखी रहेगा । (व्यवधान)

MR. SPEAKER : Next Question.

DR. KARAN SINGH : I have a submission to make.

MR. SPEAKER : I have already gone to the next Question.

DR. KARAN SINGH : I want to make one submission. I am not questioning your decision. I am not putting a question. I am just making a submission.

This is a question about India Population Project. It is a very important question. Rs. 60 crores a year are spent on it. We wanted to have some clarifications about this project. The hon. Minister, for 15 minutes, was propagating a very interesting theory on population control. That is also interesting. But that should not deprive us of asking some very important questions and clarifications with regard to the past project.

MR. SPEAKER : There are other ways of raising it also. I am sorry I have gone to the next question.

DR. KARAN SINGH : This is very unfair. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER : You are taking away another 2 minutes. I am not allowing.

श्रीमति अहिल्या पो० रांगनेकर : अध्यक्ष महोदय, इस संसद में हम औरतें बैठी हुई हैं, जो भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं, यह बिल्कुल गलत बात हैं । इससे आपको बचना चाहिए । यहां औरतें बैठी हुई हैं ।

MR. SPEAKER : I will look into the matter.

SHRI K. LAKKAPPA : This is a very important Question. I want to put a supplementary.

MR. SPEAKER : I am not allowing. (*Interruptions*)

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN : The hon. lady Member has drawn your attention to this thing....

MR. SPEAKER : I will examine the record.

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN : Otherwise, I am afraid, all the lady Members of Parliament would have to boycot the questions relating to his Ministry.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER : I shall examine the record.

चौधरी बलबीर सिंह : ये लोग सैक्स एजूकेशन का समर्थन करते हैं, मगर अब ये एतराज़ कर रहे हैं, हालांकि मिनिस्टर साहब ने कोई ख़ास बात नहीं कही है । (व्यवधान)

SHRIMATI PARVATHI KRISHNAN : This is even more objectionable.

MR. SPEAKER : I shall examine the record and if there are any objectionable things, I shall get them expunged.

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में औषधीय पौधों का सर्वेक्षण करने वाले एकक की स्थापना

*668. **श्री नवाब सिंह चौहान** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय चिकित्सा तथा होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् की कार्यकारी परिषद् की 4 अगस्त, 1973 को हुई बैठक में इस प्रस्ताव पर सिद्धान्ततः सहमति प्रकट की गई थी कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में औषधीय पौधों का सर्वेक्षण करने वाले एक एकक की स्थापना की जाए ;

(ख) यदि हां, तो क्या उसकी स्थापना कर दी गई है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और इसकी स्थापना कब तक कर दी जाएगी ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) जी हां।

(ख) जी नहीं।

(ग) भारतीय चिकित्सा एवं होम्यो-पैथी केन्द्रीय अनुसंधान परिषद् की कार्यकारी समिति ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में औषधीय पदार्थों का सर्वेक्षण करने वाला एक एकक स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था बशर्ते कि इसके लिए धन उपलब्ध हो। किन्तु धन के अभाव के कारण यह योजना अब तक शुरू नहीं की जा सकी है। इस यूनिट के अन्तर्गत जिन क्षेत्रों को लाने का विचार था, यह कार्य क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेद) झांसी कर रहा है।

झांसी में जो आयुर्वेद का अनुसंधान संस्थान है, वह यूनानी का भी कार्य कर रहा है। इसलिए अलीगढ़ विश्वविद्यालय में यूनिट खोल कर जो काम होना, उसे हम झांसी के संस्थान के द्वारा कर रहे हैं।

श्री नवाब सिंह चौहान : भारतीय चिकित्सा तथा होमियोपैथी अनुसंधान परिषद् ने यह प्रस्ताव पास किया था कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में मेडिकल प्लांट्स, औषधीय पौधों, के अनुसंधान के लिए एक यूनिट की स्थापना कर के ऐसे पौधों की खोज की जाये, जिस से गरीबों के इलाज में सहायता मिले। यह प्रश्न 1973 से ले कर अब तक केवल इस बात पर अटका रहा है कि धन नहीं है, जब कि करोड़ों रुपये अन्य कामों पर खर्च कर दिये गये हैं। मंत्री महोदय कह सकते हैं कि यह उन के जमाने की बात नहीं है। लेकिन अब तो यह उनके जमाने की बात है। मंत्री महोदय के बारे में यह विश्वास है कि वह जो कुछ कहते हैं, वह करते हैं। जब उनके सामने यह प्रश्न आया है, तो क्या वह विचार करेंगे कि इस अन्तर्राष्ट्रीय संस्था में भी इस यूनिट को खोला जाये, ताकि वहां पर अनुसंधान-कार्य शुरू किया जाये?

श्री राज नारायण : माननीय सदस्य ने जो बात कही है, वह सही हैं। बहुत सोच-विचार के बाद अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में यह यूनिट खोलने का निर्णय लिया गया था, ताकि जड़ी-बूटियों और अन्य पदार्थों की खोज कर के यूनानी की अच्छी अच्छी दवायें बनाई जायें। यह सही है कि यह योजना 4 अगस्त, 1973 को स्वीकृत की गई थी। तब से चार साल बीत गये हैं। मार्च, 1977 में जनता पार्टी की सरकार आ गई। अब हम जरूर इस बात पर विचार करेंगे कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में यह यूनिट खोल कर हम जो कार्य करना चाहते थे, क्या झांसी का आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान उसे पूरा कर रहा है या नहीं। अगर झांसी का आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान उस कार्य को पूरा नहीं कर रहा होगा, तो अवश्य ही इस के बारे में कोई दूसरी व्यवस्था की जायेगी, जिस से जो उपलब्धि हम चाहते थे, उस में कोई बाधा न पड़े।

मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बता दूं कि स्वास्थ्य मंत्रियों और स्वास्थ्य सचिवों की आज और कल जो बैठक हो रही है, उस में इस प्रश्न पर विचार होगा कि जिन निर्णयों को पहले किसी न किसी बहाने टाला जाता रहा है, उन्हें कैसे कार्यान्वित किया जाये, और जनहित की जो उपेक्षा हुई है, उसे किस प्रकार दूर करें इस की हम बराबर कोशिश कर रहे हैं।

MR. SPEAKER : Short Notice Question.....

PROF. P. G. MAVALANKAR : Sir, on a point of order. My dear and esteemed friend, the hon. Health Minister, has naturally the enthusiasm to answer questions in detail and many Questions are therefore, not reached. I do not mind it ; I am not making a complaint of that. I know, you have ruled that both must be brief. My Question today was 676 and it could not be reached because there were many supplementaries. My point of order is different.

I have been finding in the last couple of weeks that Ministers who are supposed to answer for their respective departments or Ministries are unfortunately not present either because they are concurrently engaged in the other House or because they are sometimes out of Delhi and in some cases even out of India. I want to ask with all respect whether this is in tune with Parliamentary practice—Ministers going out of Delhi and even out of India sometimes when the House is in session. Is it right ?

I am raising two questions, Sir. The Prime Minister—I wish he were here—should really expand his Council of Ministers as early as possible so that his colleagues who are already over burdened will have some relief and persons could be deputised to act on behalf of their senior collegues. But that is not my question in the sense that Government is free to appoint whomsoever they like and at whatever time they wish. My point as a Member of this House is about the difficulties involved if a Minister is absent and if some one else is to reply on his behalf. Of course, some time back, the Prime Minister replied on behalf of the Minister of External Affairs, and I must say that the Prime Minister replied most competently and efficiently. Mr. Ravindra Varma may have replied today, and I am sure he will have replied competently and efficiently. But that is not the question. The question is what kind of attention and respect is paid to this House by the Ministers and by Government as a whole. We wanted to ask supplementaries, but we could not get the time today. If we had got the time, I do not know what kind of answers my dear friend, Mr. Ravindra Varma would have given to the supplementaries because he would not know all the details about that Ministry for which temporarily he is answering on a particular day. So, I request you, Mr. Speaker, to tell the Government that, at least, the Council of Ministers should be expanded as early as possible and also those Ministers who are to answer questions should not be out of Delhi and out of Parliament when Parliament is in session and expects them to answer questions personally. I want your ruling and guidance on this point because I feel that the whole parliamentary procedure and practice demand that the House must get respect and attention from the Government, both in letter and in spirit.

MR. SPEAKER : I am sure, the Minister of Parliamentary Affairs will convey Mr. Mavalankar's suggestion to the Prime Minister.

So far as the Minister of External Affairs is concerned, he had written to me earlier before leaving the country. The case of Minister of External Affairs perhaps, stands on a different footing from those of other Ministers. I entirely agree with Mr. Mavalankar that, so far as the other Ministers are concerned, when Parliament is sitting, they must be here. This House has a right over them.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA : May I submit that even the hon. Prime Ministers, in the past, did not fix their tours abroad during Parliament sessions ? I would like to submit with all humility that the External Affairs Minister does not stand on a different footing at all. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Let us not have a debate on this.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA : My humble submission is that the External Affairs Minister should not be treated on a different footing. The House did not treat the hon. Prime Ministers on a different footing, and all the Prime Ministers in the past did not fix their tours abroad during Parliament sessions.

SHORT NOTICE QUESTION

Bechtel Company Given Contract on Kudremukh

26. SHRI JYOTIRMOY BOSU : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether he is aware of the fact that Mr. Mc Cone, a former Director of C.I.A. is on the pay-roll of Bechtel Company ;

(b) whether the Takru Commission had passed serious strictures against this company and some very senior officers of the Government of India ; and

(c) Whether the said company had been given big contracts on Kudremukh (Karnataka) ?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI BIJU PATNAIK) : (a) No, Sir.

(b) The Takru Commission had made certain adverse observations about Bechtel Corporation and its subsidiaries and some officials of the Indian Refineries Limited/Indian Oil Corporation and the Department of Petroleum.

(c) Canadian Met-Chem Consultants Limited, Montreal who are the Mining Associate and Engineer Constructor for the Kudremukh Iron Ore Project have employed Bechtel as their sub-contractor for the design and engineering of the iron ore slurry pipeline and pumping system of the project. This is the only work assigned to this company.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : I cannot quite understand his reply to my question (a) where he has said 'No'. Is it that he does not know or is it that it is not a fact ? That is what I want to know. He has only said 'No' Sir'. 'No' means what ? Is it that the Ministry did not care to know or is it that it is not a fact ?

I would like the hon. Minister to tell us today whether the Research and Analysis Wing, Foreign Intelligence Section, has given any report on Bechtel and if so, what it is, and if not, whether he would obtain it and place it before the House. At the same time, I would like the hon. Minister to get the information whether this Bechtel Company is an outlet for the CIA for dishing out funds in India for anti-Indian activities.

SHRI BIJU PATNAIK : If the hon. Member wishes to make out a James Bond, I do not think one exists. The fact of the matter is that Mr. Mc Cone, who was a former Director, Central Intelligence Agency, was a partner in Bechtel Corporation in his personal right...

SHRI JYOTIRMOY BOSU : I know this man worked for CIA for ten years.

SHRI BIJU PATNAIK : The records available in the Petroleum Ministry reveal that it was brought to the notice of the Minister of Petroleum in the course of the discussions held on 4-5-1973 between the Minister of Petroleum and Chemicals, Mr. D. K. Barooah, and a delegation from the National Committee for assisting the pepelines inquiry headed by Shri Indrajit Gupta, M.P. Besides Mr. Indrajit Gupta, the Delegation included Shri Vasant Sathe, M.P, Shri Arun Roy Chowdhury, and Shri Shashi Bhushan, M.P. The relevant portion from the draft gist of the discussion is given below :

"Shri Arun Roy Chowdhury presented a book to the Minister which shows that there had been a business partnership between the former Chief of the CIA and the Bechtel Corporation. Minister said that he would go through the book."

I had asked whether I could get hold of that book. But that book seems to be missing now.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : This is about my questions (b) and (c).

The Takru Commission had said : on pages 84 and 85 of its report :

"In his statement/affidavit dated 7-10-1971, he wanted the Commission to make a full investigation and detailed inquiry about :

(1) the illegal gains and benefits derived by the various officers ;

(2) the assets, bank accounts, foreign travels, hotels they stayed, etc., of all these officers ;

(3) the education of Shri P. R. Nayak's children in M.I.T., U.S.A. and funds they held in USA ;

(4) who paid for Shri P. R. Nayak's luxury class tickets after 1963, and for his lavish entertainments, and whether these expenses were not from the reimbursable costs ;

(5) whether Shri P. R. Nayak stayed in George V Hotel in Paris in 1962 at Bechtel's costs ;

(6) the education of children of Shri M. Gopal Menon and Shri M. V. Rao abroad.

"In his statement/affidavit dated 31-7-1972, he wanted the Commission to investigate,

(1) whether the officers concerned entered into the various contracts with corrupt motives, and

(2) whether Messrs Bechtel Corporation of USA made payments to Shri M. V. Rao and exercised undue influence on him."

This is the sum and substance of the Takru Commission.

It also said :

"The only other question that remains to be answered is whether, and, if so, to what extent, Messrs. Bechtel Corporation of USA were responsible for those *mala fide* acts of Shri P. R. Nayak."

Then it says :

"But from the argument advanced more than once, by their learned, counsel, Shri S. L. Watel, namely that Messrs. Bechtel Corporation of USA.....come out expressly for the purpose of business, and making money, it can safely be inferred that they must have employed all the tricks of the trade to get what they had come out to India for. However, the extent to which they went in the pursuit of their objectives, remains as much a mystery....."

MR. SPEAKER : What is your question please ?

SHRI JYOTIRMOY BOSU : My question in that context is : what steps have been taken against those officers particularly, Shri Pathak, son of the erstwhile Vice-President and a Congress man, who is now employed by Bechtel in America and also the erstwhile Secretary of the Ministry whose cousin is still working in Bechtel in America ? In this Kudremukh contract, they have enhanced the cost by manipulating the design etc. I would like to have a clarification from the Government.

SHRI BIJU PATNAIK : The answer to the last question of Shri Jyotirmoy Bosu is in the negative. As far as the fist part of the question is concerned, what he has stated is factually correct. We have no control as to whom an American company is going to employ.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : Why have you allowed him to come here again ?

SHRI BIJU PATNAIK : I would like to place a document on the Table of the House—"Iron Concentrate Slurry Pipeline" by two eminent engineering supervisors—from which Shri Bosu will find that Bechtel have the expertise to do this type of work.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : He is talknig from the commercial point of view ; I am talking from the national security point of view.

MR. SPEAKER : He is a very experienced Minister ; he understands your question.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : Can you have American spies operating in the vital sector of the country ?

SHRI BIJU PATNAIK : I fully agree with the hon. Member and it is not the intention or the desire of this Government to allow spies to operate in the vital sector of the country. The hon. Member knows it very well ; we do not want CIA or the spy system of any other country to operate here.

The question here is that we are working on a very tight schedule covered by a heavy penalty clause. We have got to get the best expertise in the world. But as far as the Kudremukh authority is concerned, it is a Government authority and does not employ this firm directly. The consultants, Met-Chem have employed them as I have said in my answer as their subcontractors for the design and engineering of the iron ore slurry pipe-line and pumping system of the project. They have got the expertise for this and I am placing this before the House.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : The Bechtel design is outdated after 1972 ; it is not latest method.

SHRI BIJU PATNAIK : That is not correct.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : He has not replied about Mr. Pathak's son, the chief of Engineers India Ltd. and Member of the Planning Commission in the Congress regime. We want to know what they have done to Mr. Pathak.

MR. SPEAKER : No, he has answered it.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : No, he has not answered it as to how he is safeguarding national security and how he is preventing the CIA from operating in this country. I want to have an assurance in this regard.

SHRI BIJU PATNAIK *rose.*

MR. SPEAKER : Mr. Minister you should not answer questions which I do not allow.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : You are not concerned about national security.

MR. SPEAKER : I am very much concerned.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : Let him say. I pray to you.....

MR. SPEAKER : No, please. I am not allowing. Whatever you may say will not be recorded.

Shri Lakkappa.

SHRI K. LAKKAPPA : I do not want to inject politics into this matter. But because it is Kudremukh Project which is involved and of which the Karnataka people are very proud, I would like to say that we are not sure if there are any CIA agents working either in this Ministry or in any other Ministry. I do not know how it was working. If there is any bad remark or bad antecedents about this company, you are free to deal with the matter. We have no objection. But I would like to know what are the important works entrusted to this company. What is the point of time by which they are going to implement this project and bring it to a fruitful completion to benefit the people of Karnataka ?

MR. SPEAKER : He has already answered about the works. Only the other part he may answer.

SHRI BIJU PATNAIK : The Kudremukh project will be ready for operation towards the end of 1980.

शैड्यूल्ड कास्ट्स का केवल रिक्रूटमेंट का ही मसला नहीं है, बल्कि जहां एप्वाइन्टमेन्ट होता है, उन को गैर-अहम जगहों पर पोस्ट कर दिया जाता है। आई०ए०एस० और आई०पी०एस० में सिलैक्शन होने के बाद उन को किसी ज़िम्मेदार जगह पर भेजने के बजाय सैक्रेटेरिएट में कलर्की करने की जगह पर भेज दिया जाता है। मैं चाहता हूं कि इन लोगों में से कुछ लोगों को लाज़मी तौर पर डिस्ट्रिक्ट का हैड बनाया जाना चाहिये।

मैं एक मिसाल देना चाहता हूं—मुझे अफसोस है कि मैं इसे हाउस के सामने ला रहा हूं—यह पिछले साल का वाक्या है—राजस्थान की 6 आदमियों की डिमाण्ड थी, 6 आई०ए०एस० को लेना चाहते थे. इन के पास तीन आदमी थे—एक अदर कम्यूनिटी का और दो शैड्यूल्ड कास्ट्स के। रूल्ज़ के मुताबिक इन तीन आदमियों को राजस्थान में लगाया जा सकता था, लेकिन होम मिनिस्ट्री ने ऐसा नहीं किया। इन्होंने एक आदमी अदर कम्युनिटी का और एक शैड्यूल्ड कास्ट का भेज दिया। राजस्थान गवर्नमेंट ने लिखा कि तीसरा आदमी भी भेज दें चाहे वह शैड्यूल्ड कास्ट का है, हमारी स्टेट का कैण्डीडेट है, उस को दे दीजिये, लेकिन होम मिनिस्ट्री ने उन की इस बात को नहीं माना। अगर तीसरा आदमी अदर कम्युनिटी का होता तो वह लाज़मी तौर पर राजस्थान को मिल जाता लेकिन हरिजन होने के कारण उसे अपनी होम स्टेट में नहीं लगाया। इस से बड़ी ज्यादती और क्या की जायगी? क्या आदरणीय होम मिनिस्टर इस में इंसाफ करेंगे? हरिजनों के साथ कन्फर्मेशन और दूसरे मामलों में जो ज्यादतियां हो रही हैं, मैं उन की डिटेल में इस वक्त नहीं जाना चाहता—लेकिन इस तरह का ट्रीटमेन्ट आप की मिनिस्ट्री में इन लोगों को अभी भी मिल रहा है।

जहां तक प्रमोशन का ताल्लुक है—क्लाम 1 के बारे में मैं पहले बता चुका हुं। कई बार प्रमोशन का चांस आता है लेकिन उन को एवाइड किया जाता है। आप के यहां कायदा है कि नम्बर आफ़ पोस्ट्स के पांच गुना कैण्डीडेट्स को कंसीडर किया जाना चाहिए लेकिन जब देखते हैं कि इस में हरिजन कैण्डीडेट आ जायगा तो उस को घटा कर तीन गुना कर देते हैं। आप के यहां डिफेंस में ऐसा हो रहा है—मैंने इस सम्बन्ध में बाबू जगजीवन राम जी को लिखा और इन्सीडेंट कोट किया। उन का जवाब आया कि यह बात ठीक है—पांच गुना की बजाय तीन गुना ले रहे हैं, लेकिन ऐसा पहले से चला आ रहा है, आगे के लिये इसको ठीक कर देंगे। सभापति महोदय, होना तो यह चाहिये कि पांच गुना की बजाय छः गुना कैण्डीडेट्स को कसीडर किया जाय, लेकिन यहां तीन गुना को ही कन्सीडर किया जा रहा है। मैं चाहता हूं कि रूल्ज़ का इम्पलीमैन्टेशन सही तौर से होना चाहिये।

आज से 30 साल पहले जब भारतवर्ष आज़ाद हुआ था, हमारे शरणार्थी भाई बहुत बड़ी तादाद में, लाखों की तादाद में, लेकिन एक करोड़ से कम थे, यहां आये। उनकी दयनीय हालत को देख कर यहां रिहैबिलिटेशन मिनिस्ट्री बनाई गई और उनको रिहैबिलिटेट

[श्री सूरज भान]

किया गया। सभापति महोदय, मैं पूछना चाहता हूं कि हजारों साल से करोड़ों हरिजन और आदिवासी रिफ्यूजीज की हालत में इस देश में रह रहे हैं, क्या उन के लिए कभी कोई मिनिस्ट्री बनेगी? आज तक उन के लिए मिनिस्ट्री इसलिए नहीं बनी क्योंकि वें अच्छी तरह से नहीं रोये और उन्होंने अपनी बात को जोरदार शब्दों में नहीं कहा। मैं पुरजोर शब्दों में मांग करना चाहता हूं कि उन की हालत सुधारने के लिए एक अलग से मिनिस्ट्री बननी चाहिए और जो भी ज्यादतियां उन पर विभिन्न विभागों में हो रही हैं, उन को वह मिनिस्ट्री देखे।

एजूकेशन के बारे में मैं सिर्फ एक बात यह कहना चाहता हूं कि कई जगहों पर उन को रिजर्वेशन मिलता ही नहीं है। सैनिक स्कूलों में उन के लिए रिजर्वेशन नहीं है और मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि अलीगढ़ के मैडिकल कालेज में भी उन के लिए कोई रिजर्वेशन नहीं है। हिन्दुस्तान भर के मैडिकल कालेजों में उन के लिए रिजर्वेशन है, लेकिन अलीगढ़ मैडिकल कालेज में उन के लिए कोई रिजर्वेशन नहीं है हालांकि गवर्नमेंट से उस को पूरी सपोर्ट मिलती है। मेरा कहना यह है कि तमाम प्रोफेशनल इंस्टीट्यूटशन्स में उन के लिए रिजर्वेशन होना चाहिए और जो भी रिजर्वेशन हो, उस का इम्पलीमेंटेशन होना चाहिए। इस के अलावा स्कालरशिप का एमाउन्ट बढ़ना चाहिए। स्कालरशिप का एमाउन्ट मिलने में बड़ी देर हो जाती है। इसलिए हर ऐसे स्टूडेंट को एनटाइटिलमेंट कार्ड मिलना चाहिए और जब भी वह उस कार्ड को ले कर जाए, तो उस को फौरन स्कालरशिप मिलनी चाहिए। अगर हर स्टूडेंट को एनटाइटिलमेंट कार्ड मिल जाता है, तो मैं समझता हूं कि जो डिले स्कालरशिप मिलने में होती है, वह एलिमिनेट हो सकती है।

एकोनामिक कंडिशन्स के बारे में मैं बहुत ज्यादा नहीं कहना चाहता हूं क्यों कि सब जानते हैं, लेकिन उन की हालत को कैसे इम्प्रूव किया जा सकता है, इस के बारे में कुछ सुझाव देना चाहता हूं। पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट के स्टेंडिग इंस्ट्रक्शन नेशनेलाइज्ड बैंकों को है कि उन को लोन का एक-तिहाई हिस्सा डिफेन्शियल रेट आफ़ इन्ट्रेस्ट पर दिया जाए लेकिन बड़े दुःख की बात है कि ये जो स्पेसीफिक इंस्ट्रक्शन्स गवर्नमेंट के हैं, उन का इम्पलीमेंटेशन नहीं हुआ है। इसलिए मेरा कहना यह है कि हरिजनों को एक-तिहाई लोन डिफेन्शियल पर मिलना चाहिए।

इस के अलावा मेरा सुझाव यह है कि गवर्नमेंट की तरफ से जो नये बाजार बन रहे हैं, उन में कुछ दुकानें हरिजनों को भी दी जानी चाहिएं। हरिजनों और आदिवासियों के लिए कुछ फीसदी दुकानें रिजर्व कर देनी चाहिए।

इस के अलावा मेरा सुझाव यह है कि डिस्ट्रीब्यूटिव एजेन्सीज का कुछ फीसदी हिस्सा हरिजन और आदिवासियों को दिया जाए। मिसाल के तौर पर फेयर प्राइस शोप्स, कोयले के डीपू, तेल की एजेन्सियां, गैस की एजेन्सियां जो हैं, उन में से कुछ हिस्सा हरिजन और आदिवासियों को दिया जाना चाहिए।

जहां तक इंडस्ट्रीज़ डिपार्टमेंट का ताल्लुक है, उसमें भी कुछ फीसदी शेड हरिजन और आदिवासियों के लिए रिजर्व करने चाहिए। इस के अलावा हरिजन और आदिवासियों को आसान किस्तों पर कर्ज दिये जाने चाहिए। मैं जानना चाहता हूं कि कितनी स्टेट्स में उन को आसान किस्तों पर कर्ज दिये गये हैं। इस के अलावा उन को कुछ तकनीकी मदद भी देनी चाहिए।

इस के साथ साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि हरिजनों की सहूलियत के लिए कुछ प्रदेशों में हरिजन कल्याण निगम बने हैं। ऐसे निगम सब प्रदेशों में बनने चाहिए और उन को सरकार की तरफ़ से पूरी आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए और उन में कोई गोलमाल नहीं होना चाहिए।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कुछ हरिजनों के विरुद्ध फ्राड भी होता है। एडोप्शन के जरिए कुछ भद्र पुरुषों ने काफ़ी लाभ उठाया है। हरिजन के यहां एडोप्ट होकर सर्विसेज में और मेडिकल कालेज में उनको एडमीशन मिल जाता है ? इस तरह के एक नहीं बल्कि सैकड़ों केस मैं आपको बता सकता हूं लेकिन समय कम होने के कारण मैं उन को यहां नहीं बताना चाहता। इसलिए मेरा कहना यह है कि इस तरह के ग़लत एडोप्शन को चैक किया जाए। इसी तरह से कोआपरेटिव बैंक्स और सोसइटीज़ कोआपरेटिव बैंक्स में हरिजनों के नाम पर बहुत बड़ा फ्राड हो रहा है। मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं। हमारे यहां हरियाणा में एक गुलाब सिंह जैन, एक्स एम० एल० सी० थे, जो इन्दिरा जी को प्यारे हो गये। उन्होंने म्यूनिसिपलिटीज के एम्पलाइज जैसे स्वीपर्स के नाम पर पौने छः लाख रुपये का फ्राड किया। उनके पास एक बीघा जमीन नहीं है लेकिन दो हरिजनों के नाम पर 24,000, 24,000 हज़ार रुपये के ट्रेक्टर लेने के नाम पर रुपया हड़प लिया। इस तरह से उन्होंने 5 लाख 78 हज़ार रुपया हड़प लिया और हरिजनों के नाम पर फ्राड किया।

इसके अलावा पिछले दस साल में आल इण्डिया डिप्रेस्ड क्लासेज लीग ने 13,92,120 रुपये की गवर्नमेंट से ग्राण्ट ली। पता नहीं इस पैसे का उन्होंने क्या किया है। यह एक पोलीटीकल आर्गेनाइजेशन है और हो सकता है कि उस में से कुछ आदमी आज जनता पार्टी में टूट कर आ गये हैं। लेकिन मेरा कहना यह है कि इस प्रकार की जो पालीटीकल एक्टिवीटीज हैं चाहे वे डिप्रेस्ड क्लासेज लीग की हों, उनको यह ग्राण्ट बिल्कुल बन्द होनी चाहिए। वह काम क्या करता है। प्रीतिभोज वगैरह पर ही खर्च किया जाता है और कोई हिसाब किताब नहीं रखा जाता है। माननीय हितेन्द्र देसाई जी ने कहा है कि हरिजन सेवक संघ बहुत अच्छा काम कर रहा है। मुझे तो पता नहीं है कि वह क्या अच्छा काम कर रहा है। लेकिन पिछले दस साल का मुझे नालेज है। उसको 81 लाख 95 हजार 236 रुपये दिए गए है। इससे पहले कितने दिए गए मुझे पता नहीं है। प्रीतिभोज, पद यात्राओं वगैरह के नाम पर उसने यह 82 लाख रुपया खर्च कर दिया है।

शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज़ कमिश्नर की रिपोर्ट जो हमारे सामने है उस पर हम विचार कर रहे हैं। मुझे उन पर बड़ा रहम आता है। 1967 तक उसके सतरह रिजनल आफिसर्स थे, रिजनल आफिस होते थे जिन से उसको रिपोर्टें सभी राज्यों की मिलती रहती थीं। मैं उस सबकी तफसील में जाना नहीं चाहता हूं क्योंकि टाइम नहीं है। लेकिन इन सतरह आफिसिस को एबालिश कर दिया गया और जो स्टाफ यहां पर काम करता था उसको डायरेक्टर जनरल बैक्वर्ड क्लासिस में डाल दिया गया। ऐसा करके उसको आइज़ और ईयर्ज़ से डिप्राइव कर दिया गया। एक मूर्ति साहब को वहां नियुक्त कर दिया गया था। हर साल उसको नाजायज़ तौर पर तरक्कियां दी जाती रही है और उसका कारण यह है कि वह पहले वाले जो राष्ट्रपति जो हुआ करते थे श्री वी० वी० गीरि जी उनके दामाद हैं। पांच साल में उनको बहुत ज्यादा प्रोमोशंज़

[श्री सूरज भान]

मिली हैं । बहुत सी धांधलियां उनकी हैं जिन में जाने के लिए मेरे पास वक्त नहीं है । शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्ज कमिश्नर को आपने अंधा बहरा तो पहले ही बना दिया था अब उसका गला भी काटा जा रहा है । इन पोस्ट्स को एबालिश करके किस तरह से राज्यों से उसके पास सही रिपोर्ट पहुंच सकती है ? अब आप सिविल राइट्स कमिशन बनाने की बात सोच रहे हैं और कमिश्नर की पोस्ट को एबालिश करने की बात कर रहे हैं । जैसा श्री हितेन्द्र देसाई ने कहा है, हमारी मांग भी यह है कि एक की जगह दो अलग अलग कमिश्नर दोनों जातियों के लिए होने चाहिएं । इसके बिना काम ठीक से नहीं हो सकेगा । लेकिन आज तो बात ही और चल रही है और यह कहा जा रहा है कि इस पोस्ट को भी एबालिश कर दिया जाए या उसको और काम दे दिया जाए । ऐसी स्थिति में वह कुछ भी नहीं कर सकेगा । आप सिविल राइट्स कमिशन बनायें, हमें खुशी होगी । लेकिन जहां तक कमिश्नर की पोस्ट का ताल्लुक है इसको स्ट्रैंगथन किया जाए, रिजनल आफिसर्स को ऐस्टोर किया जाए । सिविल राईट्स कमिशन बने, हमें एतराज नहीं है ।

मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे समय दिया और मैं आशा करता हूं कि जो सुझाव मैंने दिए हैं उन पर अमल किया जायेगा ।

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : शड्यूल्ड कास्ट्स और शड्यूल्ड ट्राइब्ज की समस्या हमारे देश की सब से जटिल समस्या है । यह प्रसन्नता की बात है कि चाहे यहां सदस्य इधर बैठें हों या उधर बठे हों या मेरे दायें बैठे हों उन की इस समस्या के बारे में एक राय है और सभी इसको राजनीतिक समस्या नहीं मानते हैं । सभी यह कहते हैं कि यह किसी राजनीतिक पार्टी की समस्या नहीं है वरन् सारे देश की समस्या है । सारा देश भी एक मत है इसके बारे में ।

स्वतन्त्रता के बाद जब देश का विधान बना तो हमारे विधान निर्माताओं ने हमारे विधान में एक नहीं आठ दस धारायें ऐसी इस में रखीं जो कि इनकी प्रगति के बारे में थीं, वीकर सेकशंज के सेफगार्ड के बारे में थीं, उनकी शिक्षा, स्टाइपेंड्ज, स्कालरशिप्स, उनके इंस्टीट्यूशंज बनाने के बारे में थीं उन में दिया हुआ है कि इनको ये ये सुविधायें दी जानी चाहियें । विधान निर्माताओं ने धारायें 29 (2), 31, 341, 342, 340, 275, 338 आदि रखीं । इन धाराओं ने इन लोगों को आगे ले जाने और इनकी प्रगति करने की व्यवस्था की गई है । इसके अलावा एक अनटचबिलिटी आफेंसिस एक्ट बना जिस का संशोधन 1975 में किया गया और उस एक्ट को ज्यादा अच्छा बनाया गया । बहुत सी स्कीमें भी इनके वास्ते बनाई गई । पांचवीं योजना में करीब 208 करोड़ का प्रावधान किया गया शेड्यूल्ड कास्ट और ट्राइब्ज के लिए जबकि चौथी योजना में केवल 55 करोड़ का प्रावधान किया गया था । चार लाख स्कालरशिप्स पोस्ट मेट्रिक के वास्ते रखे गये । 1970-71 में पौने दो लाख ही रख गए थे । सीट्स भी इनके लिए रिजर्व की गई और सर्विस कंडिशंज में रिलेक्सेशन भी दिया गया । बहुत सी चीजें इस तरह से उनके लिए की गई । लेकिन 30 साल की आजादी के बाद भी आज हम यही कहेंगे कि जो कुछ हमारे विधान निर्माताओं ने हमसे अपेक्षा की थी, जो कुछ हम करना चाहते थे, वह कुछ हुआ नहीं । अधिकांश वह केवल कागज पर है । योजना है लेकिन वास्तव में उसका लाभ गरीब जनता

को, हरिजनों को, शैड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स को नहीं पहुंचा है। अगर यह मैं कहूं कि यह समस्या एक बहुत बड़ी बैफ़लिंग नेशनल प्रौब्लम है तो गलत न होगा और जिसको सुलझाना अत्यन्त आवश्यक है और जल्दी से जल्दी इसको सुलझाना चाहिए। यह समस्या सारे देश के लिए एक बहुत बड़ा चैलेन्ज है और जनता पार्टी के लिए तो और भी ज्यादा क्योंकि उसका उद्देश्य यही है कि हमें वीकर सक्शन्स का ध्यान रखना है और जिसके आधार पर हम चुन चुन कर के यहां आये हैं।

सभापति जी, 30 साल की आजादी के बाद भी मैं थोड़े बहुत आंकड़े दूंगा, कुछ तो हमारे साथियों ने आंकड़े दिये हैं, जिससे स्पष्ट हैं कि आज भी हालत कोई अच्छी नहीं है। मेरे पास आंकड़े है जिनके मुताबिक क्लास 1 के सारे देश के अन्दर 31,428 अधिकारी हैं और इनमें शेड्यूल्ड कास्ट्स के 1,058 अधिकारी हैं जिसका परसेंटेज 3.36 परसेंट है और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के केवल 169 अफ़सर हैं जिसका परसेंटेज 0.51 परसेंट है। इसी तरह से क्लास 2 में 47,630 अफसर हैं और शेड्यूल्ड कास्ट्स का 4०.35 परसेंटेज है और शेड्यूल्ड ट्राइब्स का 0 48 परसेंटेज है। इसी तरह से क्लास 3 में 14 लाख 85 हजार 364 लोग हैं, इनमें से 1 लाख 50 हजार 58 शेड्यूल्ड कास्ट्स के लोग है जो 10 परसेंट बैठता हैं और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के 2 परसेंट हैं। तो जहां पर साढ़े 22 परसेंट होना चाहिए शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स की आबादी के हिसाब से वहां पर केवल ढाई परसेंट 4 परसेंट और 10 परसेंट है और क्लास 4 में 13 परसेंट हैं। और 1975 में बढ़ कर के 3.4 परसेंट, 5.4 परसेंट, 11.3 परसेंट हो गया।

इसी तरह से जो होम मिनिस्ट्री की रिपोर्ट है उसमें भी कहा गया है कि आज भी हरिजनों के ऊपर अत्याचार होते हैं और वह दिन प्रति दिन बढ़ते जा रहे हैं। 1972-73 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 3456 कमप्लेंट्स आयीं और 1973-74 में वह बढ़ कर के 4622 हो गई और मिनिस्ट्री की रिपोर्ट के हिसाब से 1-1-74 से 10-6-74 तक 2,700 कमप्लेंट्स आयीं है जिसमें से 114 मर्डर के केसेज़ हैं, 127 रेप के केसेज़ हैं और 601 अनटचैबिलिटी के केसेज हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि आज भी इस देश में इन्सान इन्सान के साथ भेदभाव करता है। इन्सान इन्सान नहीं समझता है। यह हमारे लिए शर्म की बात है। मैं विदेशों में गया वहां पर लोग बहुत सवाल पूछते हैं, हरएक चीज़ का जवाब दिया जा सकता है, लेकिन जब वह यह सवाल पूछते हैं कि क्या आप के देश में ऐसे लोग भी हैं जिनको लोग छूने में एतराज करते हैं, यह क्यों है, क्या वह इन्सान नहीं हैं, तो इसका कोई जवाब हमारे पास नहीं है। हम गरीबी का जवाब दे सकते हैं महंगाई का जवाब दे सकते हैं, बेरोज़गारी का और किसी भी चीज का जवाब दे सकते हैं। लेकिन इस चीज़ का चाहे इस देश का कोई छोटा या बड़ा नेता हो उसके पास कोई जवाब नहीं है। हम इन सब को इन्सान क्यों नहीं समझते हैं। हम इन्सान को छूने में क्यों शर्म महसूस करते हैं? यह हमारे लिए बड़ी शर्म की बात है।

मैं डा० अम्बेदकर के उस कथन को आपके सामने पढ़ता हूं जो उन्होंने विधान बनाते समय 25 नवम्बर, 1949 को दिया था।

"On the 26th January, 1950, we are going to enter into a life of contradiction. In politics we will have equality and in social and economic life we will have inequality. In politics we will be recognising the principle of one man one vote and one vote one value. In our social and economic life, we shall,

[श्री कंवर लाल गुप्त]

by reason of our social and economic structure, continue to deny the principle of one man one value. How long shall we continue to live this life of contradictions ? How long shall we continue equality in our socio-economic life ? If we continue to deny it for long, we will do so only by putting our political democracy in peril. We must remove this contradiction at the earliest possible moment or else those who suffer from inequality will blow up the structure of political democracy when this Assembly has so laboriously built up."

अध्यक्ष जी, यह डाक्टर अम्बेदकर का है, जो कि विधान के बड़े निर्माता थे। उन्होंने वार्निंग दी थी कि अगर यही हालत चलती रही तो हमारी डैमोक्रेसी खतरे में पड़ जायेगी, हवा में उड़ जायेगी और हमें मालूम भी नहीं होगा। यह खतरा इस देश को समझना चाहिए।

आज 30 साल के बाद क्या हुआ ? यह जो एक्ट बनाया गया है, इसके बारे में एक पीलमल कमेटी बनी थी। उसने यह सर्वे किया कि इस ऐक्ट के बारे में कितने लोगों को जानकारी है। आपको जानकर यह आश्चर्य होगा कि जब शहरों के लोगों से उन्होंने बातचीत की, 100 लोगों से पूछा तो केवल 12 लोगों को यह मालूम था कि इस तरह पर अनटचेब्लिटी ऑफेन्स एक्ट कोई है। इससे भी आश्चर्य की बात यह है कि जब उन्होंने 30 पुलिस अफसरों से पूछा कि क्या कोई ऐसा एक्ट है तो उनमें से सिर्फ 2 को मालूम था कि यह ऐक्ट है। इसका मतलब यह है कि कार्यवाही करने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। जब पुलिस अफसरों को मालूम ही नहीं कि इस तरह का एक्ट भी है तो इस बारे में वह क्या कार्यवाही करेंगे ?

श्री हितेन्द्र देसाई ने बहुत अच्छी बात कही कि यह पार्टी का सवाल नहीं है। उन्होंने तो कहा, लेकिन अभी फ़ायर ब्रांड्ज आगे उसको पार्टी का सवाल बनायेंगे। मैं समझता हूं कि यह इन्सानियत के साथ खिलवाड़ होगा अगर इसको पार्टी का सवाल बनाया। यह देश का सवाल है, इसका हल इस देश में एक राय हो कर होना चाहिए। यह नेशनल कान्सेंसेश के आधार पर होना चाहिए, इसमें किसी भी पार्टी का मतभेद नहीं हो सकता। लेकिन मझे यह सुन कर दुःख हुआ कि होम मिनिस्टर के खिलाफ यह मुद्दा उठाया गया कि बेलछी में जो हरिजनों पर अत्याचार हुआ उसको लेकर उन्होंने होम मिनिस्टर साहब को एंटी-सोशल की शक्ल में पेश कर के पेश किया। यह अच्छा बात नहीं है। यह आप इन्सानियत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर आप इस तरह का सवाल उठायेंगे तो गरीबों को गुरबत का फायदा आप अपने राजनीतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए करना चाहते हैं। परन्तु आज जनता उसको माफ नहीं करेगी।

श्री हितेन्द्र देसाई जो आंकड़े यहां दे रहे थे, क्या 4 महीने में चौधरी चरण सिंह उसको बराबर ला सकते हैं ? आपकी सरकार 30 साल तक रही, क्या आप इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं ? आप भी जिम्मेदार हैं, चौधरी चरण सिंह जी, मैं और मेरे पिता, दादा सभी लोग इसके जिम्मेदार हैं। पार्टियों से जो अत्याचार हो रहे हैं, उसमें सारा समाज जिम्मेदार है। इसलिए पार्टी का सवाल इसमें नहीं होना चाहिए। अच्छा तो यह हो कि सब पार्टियां बैठें और एक नेशनल कान्सेंसेस डवलप हो और किस तरह से इसको ठीक कर सकते हैं, इस पर विचार किया जाये।

प्राइवेट सैक्टर में, पब्लिक सक्टर में और गवर्नमेंट के बैंक्स में इसका सर्विस की

रेशियो बहुत कम है। मेरा सुझाव है, मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस पर विचार करें कि जहां भी हरिजनों पर अत्याचार होता है, उसके लिए डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, उसकी रिस्पौंसेब्लिटी की पिन-डाउन कर देना चाहिये कि अगर कोई गड़बड़ी हुई तो उसकी जिम्मेदारी होगी और सजा मिलेगी। इसी तरह से सर्विसेज़ में जो सक्रैटरी आफ दी डिपार्टमैंट है, उसकी जिम्मेदारी होनी चाहिए। कहीं पर भी एक साल के बाद, जितनी रिक्रूटमेंट हुई है, अगर उसमें कम रेशियों होगी तो उसका जवाब उसको देना पड़ेगा। अगर यह दो बातें की जायें तो मेरा ख्याल है कि यह चीज ठीक हो सकती है।

मैं चाहूंगा की चीफ मिनिस्टर्स की जो कान्फ्रेन्स होने वाली है,' हमारे गृहमंत्री जी यह समस्या उनके सामने रखें और उनसे विचारविमर्श करें और देखें कि क्या रास्ता निकल सकता है। इस के बारे में बहुत देर तक ढील नहीं दे सकते है और कोई कंकरीट स्टैप उठाना चाहिए। स्वयं इस सदन के सामने सरकार को आना चाहिए कि वह यह यह कदम उठाना चाहती है, यह यह काम करना चाहती है ताकि देश की यह बहुत बड़ी समस्या हल हो सके।

हमने इन लोगों की तरक्की के लिए संविधान में प्राविज़न रखे और बहुत सी स्कीमें बना कर करोड़ों रुपये खर्च किये लेकिन अभी तक यह एसेसमेंट नहीं हुआ कि इस क्षेत्र में कितनी प्रोग्रेस हुई है। जब तक इस तरह का एक प्रापर एसेसमेंट नहीं होगा, तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। इस के लिए मैं किसी कमीशन की मांग नहीं करूंगा। कोई कमीशन यह काम नहीं कर सकता है। यह काम कि पापुलर लेवल पर एक कमेटी बनाई जाये बना कर ही किया जा सकता है। मैं मांग करता हूं कि इस सदन की एक कमेटी बने, जो इस बात की जांच करे कि पिछले तीस सालों में इन लोगों की कितनी तरक्की हुई है, हम ने इस बारे में जो कुछ करना तय किया था, वह कहां तक पूरा हुआ है, और अगर नहीं पूरा हुआ है, तो क्यों नहीं पूरा हुआ है, और वह कमेटी यह सुझाव भी दे कि किन किन उपायों से हम उसे पूरा कर सकते हैं।

अभी भी हमारे देश में बहुत बड़े बड़े संत, महात्मा और आचार्य ऐसे हैं, जो इस बीसवीं सदी में भी कहते हैं कि इन पुराने रीति-रिवाजों को हाथ न लगाओ, ऐसा करने से पाप होगा। लाखों लोग आज भी उनकी पूजा करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जो व्यक्ति इन्सान और इन्सान के बीच में भेद करता है, वह सन्यासी नहीं हो सकता है, वह आचार्य या महात्मा नहीं हो सकता है, वह एक क्रिमिनल या वह इन्सान नहीं है —मैं उसे इन्सान नहीं मानता हूं। हमें उस देश की जनता में जागृति पैदा करनी चाहिए कि जो व्यक्ति इस तरह का व्यवहार करता है, सारा समाज उस के खिलाफ़ बगावत कर दे, और उसे बता दे कि आज हमारे समाज में ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है। अगर ऐसे नहीं किया जायेगा, तो इस प्रकार के लोग और आगे बढ़ते जायेंगे और इस समस्या का हल नहीं होगा।

श्री हितेन्द्र देसाई ने गुजरात के कुछ आश्रमों का ज़िक्र किया। मुझे नहीं मालूम कि वे आश्रम किस तरह के हैं। मैंने उन्हें नहीं देखा है। लेकिन मैं ऐसा कोई भी आश्रम या स्कूल पसन्द नहीं करता हूं, जो केवल शिड्यूल्ड कास्ट्स और शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के लिए हो। इन लोगों को

[श्री कंवर लाल गुप्त]

सेग्रीगेशन नहीं होना चाहिए। स्वामी दयानन्द ने भी, जो इस युग के बहुत बड़े महापुरुष हुए हैं, इस समस्या को हल करने के लिए यह सुझाव दिया था कि सभी पाठशालाओं में सभी छात्र एक साथ शिक्षा लें, एक साथ खाना खायें और एक साथ रहें, ताकि हमारे समाज में छोटे बड़े, ऊंच नीच और गरीब अमीर की भावना खत्म हो जाये। गुरुकुल की सी व्यवस्था होनी चाहिए।

श्री हितेन्द्र देसाई : उन आश्रमों में कास्ट हिन्दूज भी जा सकते है।

श्री कंवर लाल गुप्त : जहां तक सर्विसिज का सम्बन्ध है, मैं कहना चाहता हूं कि इन लोगों की इकानोमिक कण्डीशन्ज सुधारे बिना यह समस्या हल नहीं हो सकती है। आज स्थिति यह है कि जो गरीब हरिजन गांवों में रहते हैं, उन के बच्चे आई० ए० एस० के कम्पीटीशन में नहीं आ सकते हैं। इस लिए सरकार को कुछ कोचिंग सेंटर बना कर उन्हें स्पेशल ट्रेनिंग देनी चाहिए। ऐसे छः सात सैंटर इस वक्त हैं, लेकिन हर स्टेट में ऐसे बहुत से सेंटर कायम करने चाहिएं, जहां आई० ए० एस०, आई० पी० एस०, पी० सी० एस० और क्लास वन को पोस्ट्स के लिए कम्पीटीशन में बैठने के लिए स्पेशल कोचिंग दी जाये, ताकि वे दूसरों के मुकाबले में आ सकें। वैसे तो यह समस्या ऐसी है जिसका कोई पैरेलल नहीं है, लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि अमेरिका में जो निग्रोज थे उनकी भी यही हालत थी। उनको भी एक तरह से शूद्र माना जाता था लेकिन उन निग्रोज ने कभी भिक्षा नहीं मांगी। वे अपने पैरों पर खड़े हो गये। उन्होंने अपने आप को आर्गेनाइज किया और गोरे लोगों के खिलाफ एक डिटरमिंड फाइट की। तो मैं चाहता हूं कि जो लोग हरिजन भाइयों में काम करते हैं उन को भी अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए, आर्गनाइज करना चाहिए और एक डिटरमिण्ड फाइट करनी चाहिए जिसमें हम सब लोग भी शामिल हों। इस तरह की जो कान्शस क्लास होगी वह इस तरह से लड़ाई लड़ेगी तो जो उस तरह के थोड़े से लोग हैं उनका किला ढह जायेगा और वह जमाना आयेगा जब इस तरह की समस्या नहीं होगी।

श्री राम देवी राम (पलामू) : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है। आप हमें उन की मुखालिफत करने के लिए तो कहते हैं लेकिन आपने उनको बन्दूकों के लाइसेंस दिए हुए हैं हरिजनों को तंग करने के लिए। तो हरिजन उसके सामने उनकी मुखालिफत कैसे कर सकते हैं।

श्री कंवर लाल गुप्त : मैं खत्म कर रहा हूं। अभी इमरजेंसी के दिनों में हमारे उस तरफ के साथियों की जब सरकार थी तो उन्होंने यह कहा है कि 71 लाख मकानों के लिए जमीन दी गई है। मुझे नहीं मालूम कि वह कागज पर है या कहां है, लेकिन सरकार को इसके बारे में इंक्वायरी जरूर करनी चाहिए। दिल्ली की कुछ रिपोर्ट मुझे मिली है कि यहां 2–3 जगह जो जमीन उनको दी गई है वहां कुछ लोग उनको मकान बनाने नहीं देते। तो सरकार को देखना चाहिए कि कोई भी ऐसी जगह जो उनको दी गई हो उसमें उनको मकान बनाने की पूरी आजादी हो और जो बीच में आते हैं उनको कड़ी सजा मिले। मैं गृह मंत्री को धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं कि जनता सरकार एक ऐसी कांक्रीट चीज लायेगी जिससे इस समस्या के सुलझने में बहुत आसानी होगी और एक दिन वह आयेगा जब इस देश में यह समस्या नहीं रहेगी।

*SHRI A. MURUGESAN (Chidambaram): Hon. Mr. Chairman, Sir, I rise to participate, on behalf of the All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam, in the discussion on the Annual Reports of the Commissioner for Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. As a member belonging to the Scheduled Caste, I would like to make a few suggestions for the amelioration of adversities being faced by my fellow-men throughout the length and breadth of the country. I start my speech by quoting some comparative statistics supplied by the Department of Personnel of the Government to substantiate that the strength of Scheduled Caste and Scheduled Tribe staff in different categories of Government services is steadily dwindling.

The staff belonging to the Scheduled Castes:

	Class I	Class II	Class III	Class IV
1-1-1973	921	1890	133552	16,948
1-1-1974	729	1593	134466	164535
The staff belonging to the Scheduled Tribes.				
1-1-1973	166	211	27208	40471
1-1-1974	134	164	30560	29114

From this, it is indisputable that the strength of staff belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes is declining in all categories excepting Class III. I would like to know the reasons for this fall.

Sir, there are orders of the Government of India specifying 15% reservation in recruitment for Scheduled Castes and 7½% for Scheduled Tribes. Here also I am constrained to take recourse to the figures furnished by the Department of Personnel.

	Class I	Class II	Class III	Class IV
S.C.	3·58%	4·83%	10·34%	17·86%
S.T.	0·65%	0·50%	2·35%	4·24%

Excepting in Class IV, i.e. the category of Peons where there is fulfilment of reservation quota for Scheduled Castes, in all other categories of staff, it is confirmed that the Government's fiat has become futile both for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. On 25th of this month, this House gave its assent to the O.N.G.C. (amendment) Bill ensuring employment of Scheduled Castes and Scheduled Tribes candidates in the Oil and Natural Gas Commission eighteen years after its establishment. This shows the callous attitude of the Government in getting its directives implemented effectively. Whenever we raise the question of non-compliance of the reservation quota, immediately we are told that adequate number of qualified candidates belonging to S. C. and S. T. are not available. You will never get enough number of eligible candidates if the Universities do not implement your injunctions. The Universities have been directed to make 20% reservation in admissions for Scheduled Caste and Scheduled Tribes students. You know, Sir, that there are 110 Universities in our country. In as many as 65 Universities there is no reservation; in 35 there is reservation of 3% to 15%, and in 10 Universities only there is 20% reservation in admissions for SC and ST candidates. Similarly there is the notification of the Government that there is to be 5 % relaxation in the marks for SC and ST boys. It is regrettable that 61 Universities do not observe this notification, while 49 Universities give 5% relaxation in marks for SC and ST boys. In these circumstances, it is not surprising that you do not get enough number of eligible

*The original speech was delivered in Tamil.

[Shri A. Murugesan]

SC and ST candidates for appointment in Government services.

In regard to the competence of SC and ST candidates in Universities and I.I.Ts, the hon. Minister of Education has this to comment upon;

> "We find that these SC/ST students are not coming up to the standards prescribed for them. Therefore, even when they are admitted, they cannot keep pace with the method of teaching."

If this is the view of our Education Minister, you can well imagine what will be the impression of others in high society. I would like to make two suggestions here. One is that the hon. Education Minister should ensure that the SC and ST students are given extra coaching during spare time and during holidays. Secondly, the hon. Education Minister should direct the University Grants Commission to stop the grants to Universities which do not implement the Government's instructions in regard to SC and ST students. I am sure that our Home Minister will convey these suggestions to the Education Minister and also exert his good offices in getting them implemented.

When this is the state of affairs in higher education, let me narrate what obtains in primary education level. In Classes I to V, the enrolment of children belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes is only 60% and 57% respectively. The most distressing feature here is that the precentage of drop-out in Class V is as high as 50. In this, naturally the SC and ST children will be perdominating. This is the position obtaining in 1974. This also proves that the SC and ST people, are not marching ahead but marching backward. Sir, the children are the blossoming buds of humanity and if these buds are crushed like this, how and when fragrant flowers are going to bloom among the Scheduled Caste and the Scheduled Tribe communities. I demand serious consideration of the Government of this frustrating feature in the educational growth of SC and ST children.

Sir, there is imperative need for amending Article 338 of the Constitution. You know, Sir, that the scheduled castes are spread throughout the length and breadth of the country and the scheduled tribes are secluded in the hilly regions. It has been found from experience that one Commissioner is unable to attend to the growing needs of Scheduled Castes and Scheduled Tribes. There should be two Commissioners, one for the Scheduled Castes and one for the Scheduled Tribes and the necessary constitutional amendment must be brought forward by the Government in this regard.

The Prime Minister has expressed his inclination in setting up a Minorities Commission. There is general apprehension that the constitutional safeguards of the SC and ST people might get corroded in this amorphous Minorities Commission. It is reported that some Janata Party Members have represented to the HomeMinister in this matter and I request the hon. Minister to clarify this point.

Sir, it is inexplicable why the Scheduled Caste members embracing Buddhism should not be entitled to the facilities and concessions being enjoyed by the weaker sections of our society. After all, Buddhism is the rebel child of Hinduism and Buddha himself was born in India. There is no justification at all for jeopardising the interests of Scheduled Caste people who have become Buddhists. I suggest legal safeguards for them.

A few thousands of Scheduled Caste people, hailing from Tamil Nadu, are working in Delhi and they are denied their legitimate concessions. The arguement advanced is that the names of those castes are not on the lists of Delhi State Government. To obviate such hardships, in the 5th Lok Sabha a Bill was introduced. That Scheduled Caste and Scheduled Tribe Bill must be got enacted by the Janata Government as early as possible. It is unfortunate that the first 100 days of Janata rule has been marred by Belchi and Meerut incidents in which many Harijans were killed in open daylight. At least as a matter of recompense for that, this Bill should soon become an Act.

There are no representatives belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Judiciary, in Ambassadorial appointments and also in gubernatorial posts. Recently the Janata Government appointed four Governors and not one of them belonged to Scheduled Caste or Scheduled Tribe. As there are reserved constituencies for Lok Sabha, I demand that reservations must be made for SC and ST people in the Rajya Sabha and also in the Legislative Councils of the States.

Sir, the Parliamentary Committee for the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes has submitted several Reports and many Action-Taken Reports. Yet the number of SC and ST staff is getting nibbled slowly but steadily. This is a life and death question of 12 crores of down-trodden people whose daily average income is just 92 paise. If the Government does not take interest in redressing the genuine grievances of the people who do not have two square meals a day, no clothes to hide their shame and are exposed to vagaries of weather without a shelter, then naturally the country will be in shambles shortly.

The Janata Party leaders, who swear that they are the heir-apparents to Mahatma Gandhi's heritage, must open new vistas of meaningful life for these people who were dear to the Father of the Nation. I am sure that the Central Government would also give legislative form to the ideal ONE COMMUNITY AND ONE GOD, which was enunciated by our late lamented leader Arignar Anna who continues to be the beacon light for four crores of Tamil people. 'Classless Indian Society' should be the ultimate objective to be achieved through constitutional process. Till then, the Central Govrnment must intiate economic and social welfare programmes with adequate amounts of money for the upliftment of 12 crores of downtrodden people who are falling fast into deepening depths of despair like water speeding down the stream.

With these words I conclude my speech.

श्री केशव राव धोंडगे (नांदेड़) : सदर साहब, मैं इस ऐवान में आज अपने ख्यालात का इजहार करने के लिये खड़ा हुआ हूं । यह एक बड़ा अहम सवाल है । इस के बारे में अभी मेरे चन्द भाइयों ने कहा कि इस के लिये सभी जिम्मेदार हैं । मैं इस बात को मानता हूं । इस के लिये कोई पार्टी जिम्मेदार नहीं है, पांच हजार सालों की अस्पृश्यता का यह कलंक जो हमारे सिर पर है, मुल्क पर है, इस के लिये हमारा समाज जिम्मेदार है, अब कब तक हम इस कलंक को ले चलना चाहते हैं, हमें इस को तोड़ना होगा । हमें इसके कारणों को ढूंढना होगा लेकिन मुझे अफसोस है कि कोई भी सियासी पार्टी– चाहे मेरी पार्टी हो या कोई भी पार्टी हो– हम इस बुनियादी मसले को हल नहीं करना चाहते हैं । इस की क्या वजह है ? सदर साहब, एमर्जेन्सी आजकल खत्म हो गई है, मीसा खत्म हो गया है, हम आजाद हो गये, लेकिन इन अछूत लोगों पर, गरीब, दलित और पद-दलित लोगों पर यह मजहबी मीसा आज भी कायम है । प्रीसेन्सरशिप हमारे और आप के लिये उठ गई, लेकिन हजारों सालों से जो प्रीसेन्सरशिप उन पर लागू थी, वह आज भी बदस्तूर कायम है, हर गांव में, हर शहर में; हर जगह अभी भी उन पर आयद है । इस के लिये कौन जिम्मेदार है ? हिन्दू धर्म और हिन्दूइज्म इस के लिये जिम्मेदार हैं । हिन्दूइज्म के खिलाफ हम बोलने के लिये तैयार नहीं हैं । हिम्मत नहीं हैं । इस अस्पृश्यता का सोर्स क्या है ? अस्पृश्यता का सोर्स क्रिश्चियनिटी नहीं है, बौद्ध धर्म नहीं है इस्लाम नहीं है । यदि हम भारतीय संस्कृति' के बड़े अभिमानी हैं तो हम को यह भी मानना होगा कि इस कलंक के बानी हम हैं, हमारे पूर्वज हैं । इस लिये जब तक हिन्दू धर्म और हिन्दूइज्म के अन्दर से यह चीज नहीं निकलेगी, आप के तमाम इलजामात गलत हैं । सत्य-नारायण की महापूजा बनाने से या प्रीतिभोज करने से अस्पृश्यता खत्म नहीं होगी, बल्कि ढोंग होगा, अस्पृश्य दलित लोगों पर जुल्म होगा, ज्यादती होगी । जिन मुट्ठी भर लोगों ने मजहब के नाम पर समाज में अपना उच्च स्थान बना लिया है और उन को गुलाम समझ कर, कंगाल समझ कर उन को भीख देना चाहते हैं, रियायत देना चाहते हैं, अपने कानून बनवाना चाहते हैं, अगर यही आप की तहजीब और तमद्दुन है तो वे लोग ऐसी तहजीब और तमद्दुन नहीं चाहते, ऐसे मजहब को नहीं मानना चाहते जो इन्सान और इन्सान में फर्क पैदा करता है । द्वेष निर्माण करता है ।

सदर साहिब, आप जानते हैं हमारे यहां दशावतार हुए हैं लेकिन कोई भी अवतार

[श्री केशव राव घोड़गे]

इन दलित लोगों का उद्धार करने के लिये नहीं हुआ, चाहे राम हों, कृष्ण हों। ऐसा कोई भी धर्म ग्रन्थ नहीं है जो यह बतलाये कि अस्पृश्यता नहीं करनी चाहिये। हमारे यहां शंकराचार्य हुए—क्या कोई भी शंकराचार्य यह कहने के लिये तैयार है कि अस्पृश्यता को नहीं मानेंगे? हमारे धर्म ग्रन्थों में वर्ण संकर, वर्ण भेद, का जिक्र आता है, इन मजहबी किताबों में यही पढ़ाया जाता है, वर्ण-संकर करना गुनाह है, अगर यह होता है तो हमें इन शंकराचार्य के मठों को, ऐसे धर्म ग्रन्थों को खत्म कर देना चाहिए। इन दशावतारों ने अस्पृश्यता को हटाने के लिये कुछ नहीं किया, मगर वर्णाश्रम का समर्थन किया, लेकिन हमारे यहां ऐसे अवतार हुए हैं— जैसे महात्मा बुद्ध, म0 कबीर, डा0 बाबा साहब अम्बेडकर, म0 ब वेश्वर महात्मा ज्योतिराव फुले, राजऋषि शाहु महाराज ऐसे—ये महात्मा थे, जो सही मायनों में इन्सानियत और धर्म इन्सानियत और मजहब को सामने लाये। गुरु गोविन्द सिंह जो अपनी कुर्बानी के साथ जब मैदान में उतरे, तो उन्होंने कहा कि इन्सान इन्सान में भेद करना अधर्म है। जो धर्म इन्सान इन्सान में भेद करता है उसे नहीं मानना चाहिए। अफसोस की बात है कि अगर दक्षिण अफ्रीका के अन्दर नीग्रो पर नाइंसाफी होती हैं, तो यू0 एन0 ओ0 के अन्दर हम आवाज उठाते हैं, रोडेशिया के खिलाफ हम नाकेबन्दी करना चाहते हैं मगर रोडेशिया जैसी हालत हमारे यहां हर जगह मौजूद है, हर गांव में मौजूद है, हर देहात में मौजूद है। फिर हमें क्या हक है रोडेशिया के खिलाफ बात करने का, हमें क्या हक है दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बात करने का और यू0 एन0 ओ0 में आवाज उठाने का हमें क्या हक है जब खुद मेरे धर्म में यह बात है और हर दिल के अन्दर शंकराचार्य है? इसलिये हिन्दू धर्म में सुधार करना जरूरी है— Charity begins at home.

लिहाजा मैं आप से गुजारिश करूंगा कि आप उन को टाइम दीजिए, हिन्दूइज्म के जो वारिसदां हैं, उन को आप टाइम दीजिए कि एक साल के अन्दर पूरे शंकराचार्यों को गिरफ्तार करो और जो किताबों के अन्दर यह अस्पृश्यता है, वर्गभेद की बात है, इस को जला दो, खत्म कर दो। जब तक आप यह नहीं करेंगे, तब तक कुछ नहीं होगा। उनको मत छोड़ो। अगर हम एक एमेंडमेंट करना चाहते हैं, तो हम को कहा जाता है कि आप को अधिकार नहीं है, आप पंडित नहीं हैं, आप शास्त्री नहीं हैं। मेरा इस में क्या गुनाह है, सदर साहब। 20 साल के बाद 21 साल की उम्र होने के बाद मुझे वोट देने का हक मिला है मगर जाति और मजहब का सवाल ऐसा अजब है कि वह सब जगह आ जाता है। मां के पेट से पैदा होते वक्त भी मेरे साथ मेरा मजहब आ जाता है, मेरी जाति लगाई जाती है। उस के सेलेक्शन का सवाल नहीं है और उसमें कोई ओप्शन का सवाल नहीं है। ऐसी अजब चीज यहां पर है। लिहाजा इस बात को तोड़ना है और हिन्दूइज्म के अन्दर जो विषमता है जो अन्याय है, उस को खत्म करना है। किताबों में चाहे जो रहे, ज्ञानेश्वरी में रहे, दास बोध में रहे, मनुस्मृति, भगवद्गीता वेदान्त में रहे या किसी और किताब में रहे, जो किताब हमें गुलाम समझती है, उस किताब को जला देना हमारा फर्ज है। यह हमें करना चाहिए और आज दुनिया की यह मांग है मगर मैं गुजारिश करूंगा कि यह करने के लिए कितने तैयार हैं? आप एक कमीशन नहीं चाहे हजार कमीशन बना दें, उन से कोई फायदा होने वाला नहीं है। वर्णाश्रम को दफनाये बगैर इंकलाब का परचम आगे नहीं बढ़ सकता। अगर मैं मुसलमान बन जाता हूं तो मुझे पानी देने के लिये तैयार हैं और अगर,

धर्मान्तर कर के क्रिश्चियन बन जाता हूं तो आप मेरी मदद करते हैं लेकिन अगर मैं हिन्दू अछूत हूं, तो मेरे लिए कोई चान्स नहीं है क्योंकि मैं दलित हूं, पददलित हूं । यह कौन सा तरीका है । बाबा साहब अम्बेडकर यहां चीख चीख कर बोले, मैं हिन्दू हूं मुझे इन्सानियत दीजिए, मुझे भाई-चारा दीजिए, मैं इसी हिन्दुस्तान का हूं, मूल पुरुष आदिवासी हूं, मेरा मेरे समाज का चूसना बन्द करो और केवल कागज पर नहीं, कान्स्टीट्यूशन के अन्दर नहीं बल्कि अमल के अन्दर मेरे और मेरे समाज के साथ भाई-चारे का व्यवहार करो, मगर वैसा नहीं किया गया । उन्होंने लादे हुए हिन्दू कोड बिल के खिलाफ आवाज उठा कर, उन पर गाली ग्लोज की गई । लिहाजा उनको धर्मान्तर करना पड़ा और उन्हों ने बौद्ध धर्म स्वीकार किया । उसके बाद उन की शौहरत बनी नहीं । केन्द्रीय सरकार कहते हैं कि रहना है तो हिन्दू धर्म में रहो और अगर धर्मान्तर करते हैं, तो नाकेबन्दी की जाती है जैसा कि गांवों में दलित लोगों की नाकाबन्दी की जाती है । मैं प्रधान मंत्री जी से कहता हूं कि धर्मान्तर आज उन लोगों को मुआशी हालत नहीं बदली है । वे लखपति बनने के लिए धर्मान्तर नहीं किये थे । उन को आप किस बात की सजा दे रहे हो, यह मेरा आप से सवाल है । आज हिन्दू धर्म और हिन्दूइज्म के अन्दर इन्साफ नहीं है और भाईचारा नहीं हैं । आज देहात के अन्दर जिन्दा रहना मुश्किल है, शहरों के अन्दर रहना मुश्किल है । आज हरिजनों के लिए न वहां जगह है और न आसमान में जगह है । उन के लिए कहीं जगह नहीं है वे भूमिहीन निर्धन गरीब हैं । धर्मान्तर करने के बाद उन को आप मार देते हैं और उन की नाकेबन्दी कर देते हैं और उन की जो एकोनामिक कंडीशन है, वह और भी ज्यादा खराब हो जाती है । मैं आप को बताऊं कि महाराष्ट्र में एक गांव में एक श्मशानवटा की योजना है । यह स्कीम वहां पर है । उसी तरह से गांव में एक मसनवटा भी हो, एक कब्रिस्तान भी हो । मरने के बाद जाति के नाम पर दफनाया जाता है, जो जात वही जाति वह मरने के बाद भी रहती है, मुर्दे की छाती पर वर्ण रचाया जाता है और मरने के बा भी जाति को मरने नहीं दिया जाता है, वर्ण को मरने नहीं दिया जाता हैं । ऐसी हमारी आदर्श संस्कृति है । इस तरह से इस जात-पात को मरघट, शमशान भूमि पर भी कायम किया जाता है । अगर यह होता है तो हमारा फर्ज है कि इस को खत्म कर दिया जाएं । हम अगर नान-ब्राह्मण हैं, तो हम को कहा जाता है कि हम ब्राह्मणों के दुश्मन हैं । यह कहना गलत बात है । हिन्दुस्तान की सियासत को अगर देखा जाए, हिन्दुस्तान के रंग को अगर देखा जाए और हिन्दुस्तान की एकोनामिक पालिसी को अगर देखा जाए, हर जगह बेरहम संस्कृति नजर आएगी । हम लोग यह कहते हैं कि इस तरह की संस्कृनि गलत है ! इस में हमारा क्या इन्ट्रेस्ट है । दलित कहते हैं कि इस में हमारा स्थान कहां हैं ?

सभापति महोदय : आप रिपोर्ट के ऊपर ही बात कीजिए ।

श्री केशवराव धोंडगे : मैं बुनियादी बात कह रहा हूं । रिपोर्ट में भी यही हैं । इस को आप मानें या न मानें लेकिन अगर आप चाहते हैं कि देश का कल्याण हो तो आप को अस्पृश्यता को जड़मूल से नष्ट करना होगा । अस्पृश्य जो हैं उन में भी अस्पृश्यता समाज के लोग हैं और जो स्पृश्य हैं उन के अन्दर अस्पृश्य लोग हैं । इस वास्ते यह जो अस्पृश्यता है उस को आप को समूल नष्ट करना होगा । कमिश्नर की रिपोर्ट में किसी को दो टके की नौकरी दे देने से या कुछ पैसा किसी की पढ़ाई लिखाई पर खर्च कर देने से यह कंलक दूर नहीं हो सकेगा । इस के लिए सब जिम्मेदार हैं । हमदर्दी का इजहार कर देने मात्र से यह समस्या हल नहीं हो सकेगी । उन्हें इन्साफ चाहिए । सक्रिय आप को इस के लिए

[श्री केशव राव घोडंगे]

करना होगा । ऐसा नहीं हो सकता है कि किसी को आप हमेशा के लिए गुलाम बनाए रखें । हरिजन कल्याण का ढोल बजाते रहने से कोई फायदा नहीं है । जो बुनियादी चीज है उस पर आप को जाना होगा । सब लोग एक समान समझे जाने चाहियें । किसी मजहब में कोई छोटा और कोई बड़ा नहीं होना चाहिए । यह जो उच नीच की बीमारी है मजहब में जो इस की चर्चा की गई है, उस पर आप को पावन्दी लगानी चाहिए । इस को खत्म करने का आप को कोई रास्ता निकालना चाहिए । अगर ऐसे कोई धर्म ग्रन्थों के खिलाफ या किसी धर्म मार्तंड के खिलाफ कोई व्यक्तिगत बात कह देता है या लिख देता है तो उस के खिलाफ डिफार्मेशन का केस दायर कर दिया जाता है और उस को जेल जाना पड़ता है । इमोशनल इंटेग्रेशन की बात कही जाती है अस्पृश्यता को समाप्त किए बिना नहीं लाई जा सकती है । जो हजारों सालों से मरे हुए हैं, दबे हुए हैं, पीड़ित हैं, और जो घोर अभाव की जिन्दगी व्यतीत कर रहे हैं, जो मर रहे हैं उन की भावनाओं का अभी तक आपने ख्याल नहीं किया है, उन की तकदीर आप ने बनने नहीं दी है । उन के पास न जमीन है न धन है । न दौलत है । कुछ भी उन के पास नहीं है । सच बोलने से किसी की भावना दुखती है तो भावनाओं का बीमा उतारिएगा । आप तो जानते ही हैं कि बंगला देश किस तरह से बना । पश्चिमी पाकिस्तान ने नाजायज तौर पर उस का शोषण किया । वहां पर शूर लोगों ने इसका विरोध किया, दलित समाज ने आवाज उठाई, बगावत की और जो अन्याय उस के साथ हो रहा था, उस के खिलाफ झंडा बुलन्द किया और नतीजा यह हुआ कि बंगला देश बना और वह पाकिस्तान से अलग हुआ । आज हमारे दलित लोग यही समझते हैं कि जो बजट बनता है वह उन के लिए नहीं बनता है, जो स्पृश्य लोग हैं उन के लिए बनता है, पार्लियामेंट हाउस भी उन के लिए है । उन का न सभापति है, न राष्ट्रपति है । एक दो मंत्री उन के ले लिए जाते हैं । इन लोगों को पीछे की पंक्ति में रखा जाता है । आगे की पंक्ति में आने का इन को अवसर नहीं दिया जाता है । इस तरह की चीजें जब तक रखेंगे तब तक आप कमिश्नर की तकरीर कर लें कोई लाभ नहीं होगा, वक्त जाया करना होगा । इस तरह से आप उन को इंसाफ नहीं दे सकेंगे । अगर यही हालत चलती रही तो मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि ये लोग बगावत कर देंगे और मांग करने लग जायेंगे कि दलितस्थान और बौद्धस्थान उनके लिए कायम किया जाए । ऐसी मांग करने का उन को हक रहेगा । बीसवीं सदी में भी इंसान को मसावी हकूक हासिल नहीं हुए हैं । मजहब के सामने सब समान होने चाहियें । नहीं हैं तो मजहब को खत्म करो । मैं इन मेरे दलित बौद्ध भाइयों से भी कहना चाहता हूं कि इन पर जो ज्यादतियां होती हैं, गांवों में होती हैं या कहीं और होती हैं उन का इन को डट कर मुकाबला करना चाहिए । मेरे गांव में भी होती हैं दूसरी जगह भी होती हैं । इन का इन को डट कर मुकाबला करना चाहिए । मैं सरकार से भी कहना चाहता हूं कि समाज के अन्दर यह मसला हल नहीं होगा उस तरह से जिस तरह से आप हल करने की कोशिश कर रहे हैं, आर टी सी से हल नहीं होगा, आर्थिक दृष्टि से, इकोनोमिक लिहाजा से जो कमजोर है उन की आप पूरी मदद करें अगर इस में ब्राह्मण और नान-ब्राह्मण का और किसी धर्म का सवाल नहीं होना चाहिए । इन को दबाए रखने से काम नहीं चल सकता है । किसी को गुलाम आप बनाए रखें इस तरह से काम नहीं चल सकेगा । दलित समाज कहता है कि आज हिन्दुस्तान आजाद है लेकिन मैं आजाद नहीं हूं । हिन्दुस्तान को आजाद हुए तीस साल हो गए हैं लेकिन मुझे आजादी नहीं मिली है । दूसरों के लिए एमरजेंसी खत्म हो गई है मेरे लिए नहीं हुई है । इस वास्ते आपको

बुनियादी बात जो है, जो बुनियादी मसला है उसको सामने रखना होगा और धार्मिक तौर पर ये लोग आजाद हों और शंकराचार्य हों या कोई और धर्माचार्य हों, मठ हो या मंदिर हो जहां कहीं भी किसी प्रकार का भेदभाव किया जाता है जातपात के आधार पर उसको बन्द किया जाए। ऐसा किया जाएगा तभी सही मानों में तमाम दलित समाज को न्याय मिल सकेगा। बौद्ध समाज की सहूलियतों को भी आप को चहिए कि आप जारी करें। यही अन्त में मैं आप से कहना चाहता हूं।

श्री युवराज (कटिहार): सभापति महोदय, आज हम यहां पर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों के आयुक्त के तीन प्रतिवेदनों पर एक साथ विचार कर रहे हैं। यह ठीक है कि काफी दिनों के बाद, बहुत ही विलम्ब के बाद इन रिपोर्टों पर विचार किया जा रहा है और इसके बाद की दो रिपोर्टें अर्थात् 1974–75 और 1975–76 भी गृह मंत्रालय में आ गई होंगी। मैं आप से यह निवेदन करना. .

सभापति महोदय: आप आगे आ जाएं।

सभापति जी, मैं यह अर्ज कर रहा था कि आज जिस रिपोर्ट पर हम विचार विमर्श कर रहे हैं वह दो रिपोर्ट्स हैं और यह 700, 800 पन्ने की रिपोर्ट्स आयीं हैं और एक ही अनुशंसा को बार-बार दोहराया गया है। अगर 21वीं रिपोर्ट समय पर पेश हो जाती तो उस पर हम विचार कर सकते थे। लेकिन एक ही साथ 5, 6 सालों की रिपोर्ट आयी है। ऐसी व्यवस्था गृह मंत्रालय को करनी चाहिए कि जब रिपोर्ट इनके यहां कमिश्नर की तरफ से पेश हो तो वह तीन महीने के भीतर जब लोक सभा अधिवेशन में हो, उसे पेश किया जाय और जो अनुशसायें या टिप्पणियां आती हैं, जितना सम्भव हो उनको कार्यान्वित करने की चेष्टा की जाय।

17 hrs.

अभी जो रिपोर्ट हमारे सामने है उसके अतिरिक्त 1974–75, 1975–76, 1976–77 की, हम यह अपेक्षा करते थे कि, जो रिपोर्ट्स आ के यहां आयी हैं उनका रूपान्तरण करके आप पेश करेंगे और जो रिपोर्ट नहीं आयी है उसको मंगाने की कोशिश करेंगे। हम जब रिपोर्ट का सिहावलोकन करते हैं तो क्या देखते हैं कि जितने मुद्दे हैं चाहे वह शिक्षा के सम्बन्ध में हो, नौकरी के सम्बन्ध में हो, अत्याचार उत्पीड़न के सम्बन्ध में हो, उत्पीड़न के सम्बन्ध में हों, भूमि आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में हो, तमाम मुद्दों में अनुशंसायें आयी हैं, और हम यह कहने में संकोच नहीं करेंगे कि केवल श्रीमती इन्दिरा गांधी पर दोष देने से हमारा काम नहीं होगा। हम जानना चाहते हैं कि क्या केन्द्रीय मंत्रिमंडल इस भावना को प्रतिबिम्बित करता है कि हम लोकतन्त्र के सबसे बड़े केन्द्रीय स्वरूप हैं, लोकतंत्र के विचारों को कार्यान्वित करते हैं? आपके मंत्रि मंडल में क्या एक भी आदिवासी आ सका? आपके मंत्रिमंडल में इतने दिनों के बावजूद भी जो भी हरिजन माननीय सदस्य आये हैं निर्वाचित हो कर उनमें से क्या आपने एक भी आदमी को लिया। और हम सवाल उठाना चाहते हैं, यह बहुत ही बुनियादी सवाल है। एक बाबू जगजीवनराम जी को लिया जो राष्ट्रीय कोटि के आदमी हैं। यह ठीक है कि वह हरिजन हैं और उनके आने से हरिजन का कोटा पूरा हो जाता है। लेकिन मैं यह अपेक्षा करता था इस जनता पार्टी के केन्द्रीय मंत्रिमंडाल में एक हरिजन भी आवेगा। वह भी नहीं आया। मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं हम एक सामाजिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। राजनीतिक समानता तो मिली लेकिन आर्थिक और सामाजिक असमानता के हम अभी भी शिकार हैं। और यह लोकतंत्र का जो ढांचा है अगर हम अन्तरविरोधों को दूर

[श्री युवराज]

नहीं करेंगे तो लोकतंत्र का ढांचा एक दिन गिर कर चूर चूर हो जायगा। हम 22 प्रतिशत आबादी की उपेक्षा नहीं कर सकते हैं। जिनकी आबादी देश का पांचवां हिस्सा हो उनकी इतने दिनों तक उपेक्षा नहीं कर सकते।

आये दिन इन पर जो अत्याचार हुए हैं इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि हमारे निर्मल चरित्र पर बेलची का कांड एक ऐसा धब्बा है जिसे धोया नहीं जा सकता है। केवल बेलची का कांड ही नहीं, भागलपुर जिले में पथड्डा नाम की जगह पर 19 जून को एक घटना घटी मिनिमम वेजेज के नाम पर कि हमें निम्नतम मजदूरी दो। सारे गांव के चमार हरिजनों को घेर कर स्कूल में ले जा कर बन्द कर दिया गया, 30 मर्द और 20 महिलाओं को पीटा। अधोरी नामक चमार और जागेश्वर घायल हो कर आज भी अस्पताल में पड़े हैं। तिलिया नामक स्त्री भी अस्पताल में पड़ी है। इससे बड़ी दर्दनाक घटना और क्या हो सकती है। आज भी धनबाद कोलियरी के बारे में जब मैंने अमैण्डमेंट पढ़ना शुरू किया, माननीय सदस्य श्री ए० के० राय के संशोधन को देखा, तो उसमें उन्होंने क्या कहा है ---

"regrets the denial of admission to the Central Hospital, Dhanbad, to the Harijan sweepers. ..."

कोलियरी में जो हरिजन स्वीपर नौकरी करते हैं, झाड़ू देते हैं, उनके बीमार पड़ने पर धनबाद कोलियरी के अस्पताल में उनकी भर्ती नहीं हो सकती है। क्या गृह-मंत्री जी अपने जवाब के वक्त यह बतायेंगे कि क्या उन्होंने इस संशोधन के बारे में कोई इन्क्वायरी कराई है ? यदि कराई है तो उसका क्या नतीजा निकला है ?

